विषयानुक्रमणिका

1.	परिचय	7–10
2.	उद्देश्य	10–11
3.	कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ	11
4.	मण्डल, समिति एवं अधिकारी	12
5.	कुलपति	13
6.	कुलसचिव	14
7.	वित्ताधिकारी	14
8.	छात्र कल्याण संकाय	14
9.	कुलानुशासक	15
10.	मुख्य सतर्कता अधिकारी	15
11.	सङ्काय एवं विभाग	15–45
	वेद–वेदाङ्ग–सङ्काय	
	साहित्य एवं संस्कृति सङ्काय	
	दर्शन सङ्काय	
	आधुनिक ज्ञान–विज्ञान संकाय	
12.	शोध एवं प्रकाशन–विभाग	45–48
13.	विभिन्न संगोष्ठियाँ एवं स्मारक व्याख्यानमाला	48
14.	अध्ययन पाठ्यक्रम	49–50
15.	छात्रवृत्ति	50
16.	परीक्षा–विभाग	50–51
17.	अन्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ	51–58
18.	शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक पद	58
19.	आरक्षण एवं अन्य प्रावधान	58–60
20.	आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ	60–61
21.	कैरियर काउंसलिंग सेल	61
22.	महिला अध्ययन केन्द्र	62–63
23.	संगणक केन्द्र	63–64
24.	जन–सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	65–67
25.	आधार–संरचना एवं भवन	68–72
26.	ई–पीजी पाठशाला	72
27.	सेवानिवृत्तियाँ	73
28.	परिषदें, समितियाँ एवं विद्यापीठीय कर्मचारी	75–79
29.	अनुलग्नक 1,2,3	80–102

Dr. Justice Mukundakam Sharma
(Former Judge, Supreme Court of India)
Chairman
Vansadhara Water Disputes Tribunal

Off. : 5th Floor, Mohan Singh Place, Baba Kharak Singh Marg
New Delhi-110001 Ph.:
Ph.: 23368322, Fax : 23368327
Email : mukundakam@gmail.com

संदेश

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ ने शैक्षणिक सत्र 2015-16 के दौरान एक महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है । मुझे यह जानकारी देते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि यह वर्ष विद्यापीठ के लिए बहुत सफल रहा है क्योंकि राष्ट्रिय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) की विशेषज्ञ समिति द्वारा परीक्षण एवं मूल्यांकन के आधार पर प्रदत्त संस्तुतियों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रिय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) ने विद्यापीठ को द्वितीय चरण में 5 वर्षों के लिए 'ए' ग्रेड प्रदान किया है । विद्यापीठ ने सफलतापूर्वक, पूर्वस्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में विकल्पाधारित क्रेडिट प्रणाली लागू की है । मुझे यह भी ज्ञात हुआ है कि परीक्षा प्रणाली में भी विभिन्न सुधार किये गये हैं । विद्यापीठ की विभिन्न उपलब्धियाँ भी प्रतिवेदन में दी गई हैं । विशेषकर 15वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने स्नातकों को सम्बोधित किया तथा विद्यापीठ के सम्बन्ध में हमारे स्वर्गीय प्रधानमंत्री-श्री लाल बहादुर शास्त्री के स्वप्न को साकार करने के लिए समुचित समर्थन देने का आश्वासन दिया । जो सफलता हमें अभी तक प्राप्त हुई है, वह हमारे शिक्षकों, छात्रों एवं कर्मचारियों के दृढ़ प्रयासों तथा विद्यापीठ की शासकीय संस्था- मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सम्मानित सदस्यों के असाधारण समर्थन एवं मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग के बिना सम्भव नहीं हो पाती ।

विद्यापीठ, शास्त्री परम्परा एवं शास्त्रों की व्याख्या के अपने मुख्य उद्देश्यों की पूर्ति कर रहा है तथा वर्तमान समाज की विभिन्न समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में उनकी उपादेयता स्थापित करने की दिशा में प्रयत्नशील है तथा ज्योतिष, वास्तुशास्त्र, पौरोहित्य इत्यादि क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान कर रहा है । विद्यापीठ, निरन्तर शैक्षणिक विकास, अनुसंधान एवं विकास, कार्यशालाओं के आयोजन, संगोष्ठी एवं व्याख्यानमालाओं के आयोजन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहा है ताकि उच्चस्तरीय ऊँचाई प्राप्त कर, पारंपरिक शिक्षा की प्रक्रिया का स्तर बढ़ाया जा सके । विद्यापीठ की समर्पित प्रतिबद्ध समिति इस दिशा में कार्यरत है ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले कई वर्षों तक विद्यापीठ शास्त्रीय शिक्षा के संवर्धन एवं विकास के क्षेत्र में योगदान देता रहेगा तथा विश्वस्तरीय सार्वजनिक संस्था के रूप में फलता-फूलता रहेगा । मैं विद्यापीठ की उत्कृष्टता के लिए समर्पित इसके कुलपति, संकाय सदस्यों एवं स्नातकों के प्रति कृतज्ञ हूँ । मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के समर्थन के लिए भी आभारी हूँ एवं मुझे पूर्ण विश्वास है कि विद्यापीठ भविष्य में नई ऊँचाईयों को अवश्य प्राप्त करेगा । मैं इस प्रतिवेदन को संकलित करने के लिए सम्पादकीय मण्डल को शुभकामनाएं देता हूँ ।

मुकुन्दकाम शर्मा
(डॉ मुकुंदकाम शर्मा)

विद्यापीठ की प्रायोजक सोसाइटी की संचालक मंडल (शासी निकाय)

क्र.स.	नाम व पता
1	माननीय मंत्री मानव संसाधन विकास मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली
2	माननीय राज्य मंत्री मानव संसाधन विकास मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली
3	माननीय राज्य मंत्री मानव संसाधन विकास मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली
4	सचिव मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) शास्त्री भवन, नई दिल्ली
5	संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6	कुलपति श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
7	कुलपति राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, तिरूपति (आंध्र प्रदेश)
8	कुलपति राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान 56-57, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली
9	संयुक्त सचिव (केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और भाषाएँ) मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रबन्धन मण्डल के सदस्यों की सूची

क्रम स०	नाम एवं पता	पदनाम
1	डॉ. सुखबीर सिंह संधु संयुक्त सचिव मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	अध्यक्ष (18/11/2014 से 8/4/15)
2	प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय कुलपति श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	अध्यक्ष (9/4/15 से आज तक)
3	श्री चमूकृष्ण शास्त्री वरिष्ठ सलाहकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली	सदस्य (22/12/14 से आज तक)
4	डॉ. चॉद किरण सलुजा निदेशक, संस्कृत पदोन्नति फाउण्डेशन नई दिल्ली	सदस्य (29/12/14 से आज तक)
5	प्रो. वी. कुटुम्ब शास्त्री कुलपति, सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, गुजरात	सदस्य (22/12/14 से आज तक)

6	प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी पूर्व कुलपति, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली	सदस्य (22/12/14 से आज तक)
7	प्रो. कृष्णकान्त शर्मा आचार्य, वैदिक दर्शन, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी	सदस्य (22/12/14 से आज तक)
8	प्रो. वीर सागर जैन संकाय प्रमुख, दर्शन संकाय श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	सदस्य (29/5/2015 तक)
9	प्रो. इच्छाराम द्विवेदी संकाय प्रमुख, साहित्य एवं संस्कृति संकाय श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	सदस्य (31/5/15 तक)
10	प्रो. रमेश प्रसाद पाठक संकाय प्रमुख, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	सदस्य (11/9/15 से आज तक)
11	प्रो. हरिहर त्रिवेदी संकाय प्रमुख, वेद-वेदांग संकाय श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	सदस्य (11/9/15 से आज तक)
12	प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय प्रोफेसर (शोध एवं प्रकाशन) श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	सदस्य (1/6/13 से 31/5/15 तक)
13	प्रो. नागेन्द्र झा प्रोफेसर शिक्षाशास्त्र विभाग श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	सदस्य (14/9/15 से आज तक)
14	डॉ. संगीता खन्ना, सह-प्रोफेसर, सर्वदर्शन विभाग श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	सदस्य (20/4/15 से आज तक)
15.	डॉ. बीके. महापात्र कुलसविच श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	सचिव

अधिकारी गण

1. कुलाधिपति – न्यायमूर्ति डॉ. मुकुन्दकाम शर्मा
2. कुलपति – प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय
3. कुलसचिव – डॉ. बी. के. महापात्र
4. वित्ताधिकारी – श्रीमती कल्पना सिंह
5. संकाय प्रमुख – प्रो. रमेश प्रसाद पाठक, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय
   प्रो. हरिहर त्रिवेदी, वेद-वेदांग संकाय
   प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी, दर्शन संकाय
   प्रो. भागीरथि नंद, साहित्य एवं संस्कृति संकाय
6. छात्र कल्याण संकाय – प्रो. कमला भारद्वाज
7. कुलानुशासक – प्रो. प्रेम कुमार शर्मा

परिचय

अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन के कलकत्ता अधिवेशन में लिये गये निर्णय के अनुपालन में 8 अक्तूबर, 1962 को विजयदशमी के दिन दिल्ली में संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना की गई। डॉ. मण्डन मिश्र को विद्यापीठ का विशेष कार्याधिकारी एवं निदेशक नियुक्त किया गया। सम्मेलन में लिये गए निर्णय के अनुसार **अखिल भारतीय संस्कृत विद्यापीठ** नाम से एक पृथक् संस्था स्थापित की गई। इसके संस्थापक अध्यक्ष तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी थे। विद्यापीठ के सर्वाङ्गीण विकास में तत्कालीन प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का महत्त्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने संस्कृत विद्यापीठ को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था के रूप में विकसित होने की कामना की थी।

माननीय शास्त्री जी के आकस्मिक निधन के पश्चात् तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने विद्यापीठ की अध्यक्षता स्वीकार की । उन्होंने घोषणा की कि 2 अक्तूबर, 1966 से विद्यापीठ को **श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ** के नाम से जाना जाएगा। भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल, 1967 को विद्यापीठ का अधिग्रहण किया गया। 21 दिसम्बर, 1970 को **श्री लाल बहादुर शास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ**, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली (एक पंजीकृत स्वायत्त संस्था, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) का अंग बन गया।

विद्यापीठ में संस्कृत वाङ्मय के पठन-पाठन, प्राचीन संस्कृत पाण्डुलिपि के संकलन एवं प्रकाशन, संस्कृत साहित्य की परम्परागत शिक्षण विधा को बनाये रखने और अनुसन्धान आदि कार्यों तथा इसके सर्वतोन्मुखी विकास से प्रभावित होकर मार्च, 1983 में भारत सरकार ने इसको मानित-विश्वविद्यालय का स्तर देने का प्रस्ताव रखा। अन्ततः आवश्यक परीक्षण एवं मूल्याङ्कन के पश्चात् भारत सरकार ने **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** की संस्तुति को दृष्टि में रखते हुये नवम्बर, 1987 में विद्यापीठ को मानित-विश्वविद्यालय का स्तर प्रदान किया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की संस्तुति पर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान से पृथक् एक संस्था **श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ** के नाम से तत्कालीन मानव संसाधन विकास मन्त्री श्री पी.वी. नरसिंह राव की अध्यक्षता में 20 जनवरी, 1987 को पञ्जीकृत की गयी । डॉ. मण्डन मिश्र 1989 में विद्यापीठ के प्रथम कुलपति नियुक्त हुए। विद्यापीठ ने 1 नवम्बर, 1991 से मानित-विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करना प्रारम्भ किया।

विद्यापीठ में चार संकाय हैं- वेद-वेदाङ्ग सङ्काय, दर्शन सङ्काय, साहित्य-संस्कृति सङ्काय एवं आधुनिक ज्ञान-विज्ञान सङ्काय। प्रारम्भ के तीन सङ्कायों में विभिन्न शास्त्रीय विषयों में शास्त्री, शास्त्री (सम्मानित) नामक उपाधि हेतु त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम एवं स्नातकोत्तर उपाधि हेतु आचार्य नामक द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था की गई है। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान सङ्काय में शिक्षा-शास्त्री नामक द्विवर्षीय अध्यापक-प्रशिक्षण-पाठ्यक्रम तथा शिक्षाशास्त्र में उच्च-स्तरीय अध्ययन हेतु शिक्षाचार्य नामक द्विवर्षीय पाठ्यक्रम

का प्रवर्तन किया गया है। उपर्युक्त चारों सङ्कायों में संस्कृत की विभिन्न शास्त्रीय शाखाओं एवं शिक्षाशास्त्र में शोधकार्य करने हेतु विशिष्टाचार्य, विद्यावारिधि एवं विद्यावाचस्पति पाठ्यक्रम की व्यवस्था है।

विद्यापीठ में संस्कृत शोध, पाण्डुलिपियों के प्रकाशन एवं संरक्षण के लिये एक स्वतन्त्र विभाग है। इस विभाग द्वारा न केवल प्राचीन पाण्डुलिपियों का अन्वेषण किया जाता है, अपितु संस्कृत-साहित्य के विद्वानों की उत्कृष्ट रचनाओं का प्रकाशन भी किया जाता है। साथ ही त्रैमासिक शोध-पत्रिका 'शोध-प्रभा' का प्रकाशन भी किया जाता है। विभागीय स्तर पर ज्योतिष विभाग द्वारा 'विद्यापीठ-पंचांग' और 'भैषज्य-ज्योतिषम्' नामक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। वास्तुशास्त्र विभाग द्वारा प्रतिवर्ष वास्तु शास्त्र विमर्श नामक शोध पत्रिका प्रकाशित की जाती है। विद्यापीठ में संगणक केन्द्र और महिला अध्ययन केन्द्र स्थापित किया गया है। महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा शोधपत्रिका "सुमंगली" का प्रकाशन किया जाता है।

विद्यापीठ में 1994-95 के सत्र से शास्त्री पाठ्यक्रम के साथ-साथ व्यावसायिक संस्कृत, व्यावसायिक हिन्दी एवं संगणक प्रयोग सम्बन्धी पाठ्यक्रम और विभिन्न प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम को नियमित रूप से अध्ययन-अध्यापन में सम्मिलित किया गया है। विद्यापीठ के वर्तमान कुलाधिपति न्यायमूर्ति डॉ. मुकुंदकाम शर्मा और कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व और प्रशासनिक दक्षता से शैक्षणिक के क्षेत्र में विद्यापीठ निरंतर प्रगतिपथ पर अग्रसर है।

15 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर मंच पर विराजमान माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, अन्य अधिकारी एवं अतिथि गण।

15 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा विद्वानों को मानद उपाधि प्रदान की गई।

संस्कृत विद्यापीठ द्वारा अपने निर्धारित उद्देश्यों को दृष्टि में रखते हुये विशेष दीक्षान्त समारोह 3 दिसम्बर, 1993 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया । इस समारोह में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शङ्कर दयाल शर्मा को विद्यापीठ की मानद उपाधि 'वाचस्पति' प्रदान की गयी । विद्यापीठ का प्रथम दीक्षान्त समारोह 15 फरवरी, 1994 को विद्यापीठ परिसर में सम्पन्न हुआ, जिसमें राष्ट्रपति डॉ. शङ्कर दयाल शर्मा ने प्रथम दीक्षान्त भाषण दिया। विद्यापीठ का द्वितीय दीक्षान्त समारोह 11 जनवरी, 1996, तृतीय दीक्षान्त समारोह 11 जनवरी, 1999, चतुर्थ दीक्षान्त समारोह 11 फरवरी, 2000, पञ्चम दीक्षान्त समारोह 28 फरवरी, 2001, षष्ठ दीक्षान्त समारोह 17 फरवरी, 2002, सप्तम दीक्षान्त समारोह 11 नवम्बर, 2003, अष्टम दीक्षान्त समारोह 12 नवम्बर, 2005, नवम दीक्षान्त समारोह 10 नवम्बर, 2006, दशम दीक्षान्त समारोह 28 नवम्बर, 2007, एकादश दीक्षान्त समारोह 06 दिसम्बर, 2008, द्वादश दीक्षान्त समारोह 7 नवम्बर, 2009, त्रयोदश दीक्षान्त समारोह दिनांक 26 नवम्बर, 2010 तथा चतुर्दश दीक्षान्त समारोह 7 जनवरी, 2013 को सम्पन्न हुआ । पंद्रहवां दीक्षान्त समारोह 27 नवम्बर, 2015 को आयोजित हुआ जिसमें माननीय मंत्री श्रीमती स्मृति जुविन ईरानी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि थी।

15 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर एन.सी.सी छात्रों द्वारा माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री का स्वागत।

प्रो. पंकज चांदे की अध्यक्षता में सात सदस्यीय नैक समिति द्वारा दिनांक 12 मई 2015 से 15 मई 2015 तक विद्यापीठ का दौरा किया। नैक समिति द्वारा विद्यापीठ के बहुआयामी उपलब्धियों का मूल्यांकन किया गया तथा विद्यापीठ के कर्मचारी और अधिकारीगण से चर्चा की गई। समिति द्वारा विद्यापीठ के बहुआयामी उपलब्धियों का मूल्यांकन करने के पश्चात् विद्यापीठ को आगामी पॉच वर्षो के लिए 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया।

नैक पीयर टीम के सदस्यों के साथ उपस्थित विद्यापीठ के कुलपति एवं अन्य अधिकारी गण।

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ शास्त्रीय पारम्परिक विषयों के अध्ययनाध्यापन एवं गहन अनुसन्धान के द्वारा भारतीय शैक्षणिक परम्परा का संरक्षण करते हुये आज के इस संगणक युग में आधुनिक वैज्ञानिक शैक्षणिक परम्पराओं से समन्वय स्थापित करने का सार्थक प्रयास कर रहा है। संस्कृत स्नातकों को रोजगारपरक शिक्षण प्रदान करते हुये संस्कृत के कुशल शिक्षकों के निर्माण में शिक्षाशास्त्र विभाग के माध्यम से सतत प्रयत्नशील है । फलस्वरूप विद्यापीठ के छात्र एवं अनुसन्धाता देश एवं विदेश की प्रतिष्ठित संस्थाओं में अपनी प्रतिभा और कौशल के साथ कार्यरत हैं ।

२. उद्देश्य

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली की स्थापना के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:-

(क) शास्त्रीय परम्परा को संरक्षित करना ।

(ख) शास्त्रों की व्याख्या करना ।

(ग) आधुनिक परिप्रेक्ष्य में समस्याओं के समाधान के लिए संस्कृत भाषा में विरचित प्राचीन शास्त्रों का औचित्य स्थापित करना ।

(घ) अध्यापकों के लिए आधुनिक एवं शास्त्रीय ज्ञान में गहन प्रशिक्षण हेतु साधन उपलब्ध कराना ।

(ङ) उपर्युक्त सभी क्षेत्रों में प्रवीणता प्राप्त करना, जिससे विद्यापीठ का अपना एक विशिष्ट चरित्र हो।

उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु प्रयास करते हुए विद्यापीठ अधोनिर्दिष्ट क्षेत्रों में निरन्तर कार्य कर रहा है:-

1. पारम्परिक संस्कृत वाङ्मय के साथ-साथ उसके अतिविशिष्ट शाखाओं के ज्ञान हेतु शिक्षण सुनिश्चित करना ।
2. संस्कृत के अध्यापकों के प्रशिक्षणार्थ साधनों का सुलभीकरण और संस्कृत शिक्षा से सम्बद्ध प्रासङ्गिक पक्षों पर शोध ।
3. संस्कृत अध्यापन से सम्बन्धित एशिया की विभिन्न भाषाओं एवं साहित्य के गहन अध्ययन एवं गवेषणार्थ सुविधाओं का सुलभीकरण, जिनमें पाली, इरानी, तिब्बती, मंगोली, चीनी, जापानी आदि भाषाएं एवं साहित्य प्रमुख हैं ।
4. अध्ययन-अध्यापन हेतु विभिन्न विषयों के लिए पाठ्यक्रम का निर्धारण, भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर विशेष ध्यान रखना तथा संस्कृत और संबद्ध विषयों में परीक्षाओं का सञ्चालन ।
5. संस्कृत के मौलिक ग्रन्थों, टीकाओं का अनुवाद। उनसे सम्बद्ध साहित्य का प्रकाशन, प्रकाशित एवं अप्रकाशित सामग्री का संवर्धन ।
6. शोध-पत्रिका एवं शोधोपयोगी अनुसन्धान-प्रपत्रों, विषय सूची और ग्रन्थ-सूची आदि का प्रकाशन ।
7. पाण्डुलिपियों का सङ्कलन, संरक्षण एवं प्रकाशन, राष्ट्रिय संस्कृत पुस्तकालय और संग्रहालय का निर्माण। संस्कृत पाण्डुलिपियों में प्रयुक्त लिपियों के प्रशिक्षण का प्रबन्धन ।
8. संस्कृत में आधुनिक तकनीकी साहित्य के साथ मौलिक संस्कृत ग्रन्थों के सार्थक निर्वचनों की दृष्टि से आधुनिक विषयों में शिक्षणार्थ साधनों की प्रस्तुति ।
9. पारस्परिक ज्ञानवर्धन के लिये आधुनिक एवं परम्परागत विद्वानों के मध्य अन्तःक्रिया का संवर्धन ।
10. शास्त्र-परिषदों, सङ्गोष्ठियों, सम्मेलनों और कार्यशालाओं का आयोजन ।
11. अन्य शिक्षण संस्थानों की उपाधियों, प्रमाण-पत्रीय पाठ्यक्रमों को विद्यापीठ की उपाधियों के समकक्ष मान्यता ।
12. विभागों एवं सङ्कायों की स्थापना और विद्यापीठ के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक मण्डलों एवं समितियों का गठन ।
13. स्वीकृत नियमों के अन्तर्गत छात्रवृत्तियों, अध्येतावृत्तियों, पुरस्कारों व पदकों का संस्थापन एवं वितरण।
14. विद्यापीठ के उद्देश्यों से पूरी तरह या अंशतः समान उद्देश्य वाले सङ्गठनों, समितियों या संस्थानों का सहयोग एवं उनकी सदस्यता तथा उनमें सहभागिता ।
15. विद्यापीठ के किसी एक या समस्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रासङ्गिक, आवश्यक या सहायक कार्य-कलापों का सम्पादन ।

३. कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

विद्यापीठ के संस्थापित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अधोदर्शित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का सञ्चालन किया जा रहा है-

1. स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध स्तर पर परम्परागत शैक्षणिक प्रविधियों के साथ-साथ आधुनिक पद्धतियों से संस्कृत वाङ्मय का अध्यापन ।

2. स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर छात्राध्यापकों का प्रशिक्षण ।
3. विभिन्न विभागों में रोजगारोन्मुख प्रमाणपत्र, डिप्लोमा एवं अंशकालिक पाठ्यक्रमों का सञ्चालन ।
4. स्नातक, स्नातकोत्तर आदि उच्च शैक्षणिक स्तर की परीक्षाओं का सञ्चालन ।
5. समान-हित वाली संस्कृत योजनाओं में अन्य सङ्गठनों के साथ सहयोग ।
6. संस्कृत वाङ्मय पुस्तकालय का सम्वर्द्धन ।
7. पाण्डुलिपि संग्रह, दुर्लभ पाण्डुलिपियों एवं महत्त्वपूर्ण पुस्तकों का सम्पादन एवं प्रकाशन ।
8. शोधपत्रिका 'शोधप्रभा' एवं 'वास्तुशास्त्रविमर्श', 'भैषज्य ज्योतिषम्', 'सुमंगली' तथा 'पञ्चाङ्ग' का नियमित वार्षिक प्रकाशन ।
9. विविध व्याख्यानमालाओं एवं कार्यशालाओं का आयोजन ।
10. गोष्ठियों एवं सम्मेलनों का विभागीय स्तरों पर नियमित आयोजन ।
11. ज्योतिष, वास्तु, पौरोहित्य, योग और सङ्गणक में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का सञ्चालन ।
12. छात्रों के लिये विभिन्न शैक्षणिक क्रिया-कलापों का नियमित प्रवर्तन ।
13. शारीरिक शिक्षण, क्रीड़ा, खेल-कूद के साथ-साथ एन.सी.सी. और एन.एस.एस. आदि का सञ्चालन ।
14. संस्कृत सप्ताह, हिन्दी पखवाड़ा, संस्कृत दिवस, हिन्दी दिवस, सतर्कता दिवस, स्वच्छता दिवस जैसे विभिन्न साहित्यिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक समारोहों का आयोजन ।

४. मण्डल, समिति एवं अधिकारी

1. प्रबन्ध मण्डल
2. वित्त-समिति
3. विद्वत्परिषद्
4. योजना एवं पर्यवेक्षण मण्डल
5. अध्ययन-मण्डल

समिति

1. शोध-मण्डल
2. परीक्षा मण्डल
3. विभागीय शोध समीक्षा एवं सलाहकार समिति
4. शैक्षणिक कैलेण्डर समिति
5. बिल्डिंग समिति
6. प्रवेश समिति
7. नीति एवं योजना समिति
8. छात्रावास-समिति
9. विद्यापीठ परिसर विकास-समिति
10. छात्रवृत्ति समिति
13. कुलानुशासक मण्डल
14. परिचय-नियमावली-समिति
15. हिन्दी राजभाषा कार्यान्वयन-समिति
16. रोस्टर समिति
17. शिकायत समिति

11. शोध एवं प्रकाशन-परामर्शदात्री-समिति
11. शोधप्रभा सम्पादक-मण्डल
12.. पुस्तकालय-समिति
18. अनुशासन समिति

अधिकारी गण

1. कुलाधिपति
2. कुलपति
3. संकाय प्रमुख
4. छात्र कल्याण संकाय प्रमुख
5. कुलसचिव
6. वित्ताधिकारी
7. परीक्षा-नियंत्रक
8. विभागाध्यक्ष
9. कुलानुशासक
10. छात्रावास-अधिष्ठाता
11. मुख्य सतर्कता अधिकारी
12. उप-कुलसचिव
13. सहायक-कुलसचिव

५. कुलपति

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ (मानित विश्वविद्यालय) के वर्तमान कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय हैं । विद्यापीठ के वरिष्ठतम आचार्य के रूप में प्रो. पाण्डेय ने दिनांक 09.04.2015 से कार्यकारी कुलपति का कार्यभार ग्रहण किया, तदुपरान्त मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश के द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली के कुलपति पद पर प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय को नियमित कुलपति के रूप में अगले पाँच वर्षों के लिए नियुक्त किया गया । तद्नुसार प्रो. पाण्डेय ने दिनांक 28.08.2015 को नियमित कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण किया ।

कार्यकारी कुलपति के रूप में कार्य करते हुए प्रो. पाण्डेय ने कुशल नेतृत्व प्रदान किया और नैक की पीयर टीम को मई, 2015 में विद्यापीठ के प्रत्यायन एवं मूल्यांकन हेतु आमंत्रित किया । पीयर टीम के मूल्यांकन एवं प्रत्यायन के आलोक में नैक द्वारा विद्यापीठ को अगले 5 वर्षों के लिये ए-ग्रेड प्रदान किया गया है । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार विकल्पाधारित क्रेडिट प्रणाली को क्रियान्वित करते हुये समस्त पाठ्यक्रमों में संशोधन किया गया और तद्नुसार कक्षाओं का संचालन किया गया । शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार सत्रीय परीक्षाएं आयोजित की गयीं तथा परीक्षाफल शीघ्रतापूर्वक प्रकाशित किये गये ।

विद्वत्परिषद् और प्रबन्ध मण्डल की बैठकें आहूत कर नीति निर्धारण की दिशा में सक्रिय प्रयास किये गये । कई वर्षों से अध्यापकों की प्रोन्नति के लम्बित मामलों के संबंध में प्रो. पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में परीक्षण समितियों एवं चयन समितियों का आयोजन किया गया । उनके कुशल नेतृत्व और प्रशासनिक दक्षता से शैक्षणिक क्षेत्र में

विद्यापीठ निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। प्रो. पाण्डेय प्रसिद्ध शिक्षाविद् के रूप में इस विद्यापीठ के लिए ही नहीं, वरन् सम्पूर्ण देश में संस्कृत-भाषा-साहित्य के प्रचार-प्रसार और शास्त्रीय विधा के उन्नयन के लिये समर्पित हैं।

६. कुलसचिव

डॉ. बीके महापात्र वर्ष 2003 से विद्यापीठ के कुलसचिव हैं । कुलसचिव का पदभार ग्रहण करने के साथ ही डॉ. महापात्र ने विद्यापीठ परिसर को आकर्षक बनाने, नये भवनों के निर्माण, पठन-पाठन एवं छात्रावास की उन्नत व्यवस्था एवं शैक्षणिक परिवेश को समृद्ध करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है । विधि स्नातक और पेशेवर प्रबंधन के एक विशेषज्ञ होने के नाते डॉ. महापात्र द्वारा विद्यापीठ के विकास में अपना कुशल योगदान दिया। उनके कुशल नेतृत्व एवं प्राशासनिक दक्षता से अध्यापकों एवं कर्मचारियों के बहुमुखी विकास एवं उन्नति में सहायता प्राप्त हुई ।

७. वित्ताधिकारी

दिनांक 04.10.2013 से श्रीमती कल्पना सिंह प्रतिनियुक्ति के आधार पर विद्यापीठ के वित्ताधिकारी पद पर कार्य कर रही हैं । विद्यापीठ के योजना एवं गैर-योजना सम्बन्धी समस्त आवश्यक व्यय व अनुदान के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय से निरंतर सम्पर्क बनाए रखकर उन्होंने वित्तीय प्रबंधन में योगदान दिया है । साथ ही साथ विद्यापीठ के पुनः प्रत्यायन एवं मूल्यांकन हेतु कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति की संयोजिका भी रही हैं । विद्यापीठ के विगत पाँच वर्षों के शैक्षणिक एवं अन्य सम्बन्धित कार्यक्रमों के आधार पर स्व-अध्ययन प्रतिवेदन तैयार करने के लिए उन्होंने अत्यन्त कुशलतापूर्वक निर्देशन प्रदान किया है।

८. छात्र कल्याण संकाय

प्रो. कमला भारद्वाज, विभागाध्यक्ष, व्याकरण विभाग को विद्यापीठ का छात्र कल्याण संकाय प्रमुख नियुक्त किया गया है। प्रो. भारद्वाज व्याकरण विषय की आचार्या हैं तथा उन्हें कई शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राज्य सरकार द्वारा संस्कृत साहित्य में योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

शैक्षणिक सत्र 2015-16 में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ की छात्रकल्याण संकायाध्यक्षा प्रो. कमला भारद्वाज के मार्ग निर्देशन में छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने के लिए बहुविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रो. भारद्वाज द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। विद्यापीठीय स्तर पर सद्भावना मार्च, अन्तर्राष्ट्रीय छात्र दिवस, सृजनात्मक लेखन, संस्कृत गान, वाद-विवाद, आशु भाषण आदि शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में छात्रों ने सोत्साह भाग लिया तथा अपनी बहुविध प्रतिभा का परिचय दिया। राष्ट्रिय स्तर पर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की शलाका प्रतियोगिताओं के लिये राज्यस्तरीय प्रतियोगियों के चयन का दायित्व भी छात्र कल्याण संकाय ने वहन किया। छात्रों को शास्त्र संरक्षण के साथ-साथ व्यावहारिकता का प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु छात्र-संसद एवं सुशासन दिवस सदृश व्यावहारिक विषयों से सम्बद्ध आयोजन भी किये गये। समस्त सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में संस्कृत एवं अन्यान्य मातृभाषाओं के सम्बन्ध का माहात्म्य प्रतिपादित करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में मातृभाषा गायन, संस्कृत का मातृभाषा में अनुवाद, निबन्ध लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

छात्रों की समस्याओं को सुनना, सामान्य शिष्टाचार एवं व्यवहार को सुधारना तथा छात्रों के पारस्परिक संबन्धों में सांस्कारिक परिष्कार करना संकाय का विशिष्ट दायित्व है, इस दिशा में संकाय का सतत प्रयास रहा है कि छात्रों में शैक्षणिक व सांस्कृतिक शिक्षण के साथ-साथ शास्त्र व संस्कृति संरक्षण की प्रवृत्ति का भी विकास हो।

९. कुलानुशासक

प्रो. प्रेम कुमार शर्मा, ज्योतिष विभाग के वरिष्ठ आचार्य को कुलानुशासक के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रो. शर्मा के कुशल नेतृत्व में विद्यापीठ परिसर का संरक्षण, सुरक्षा व्यवस्था एवं छात्र अनुशासन इत्यादि सुनिश्चित किया जाता है।

१०. मुख्य सतर्कता अधिकारी

प्रो. हरिहर त्रिवेदी, संकाय प्रमुख, वेद-वेदांग संकाय को मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रो. त्रिवेदी वैदिक साहित्य के विद्वान है। प्रो. त्रिवेदी पौरोहित्य विधा के मर्मस विद्वान हैं। विद्यापीठ में आयोजित होने वाले विभिन्न यज्ञ एवं पूजनादि कार्यक्रम उनके नेतृत्व में सम्पन्न किये जाते हैं। वे हमेशा छात्रों, अध्यापकों एवं कर्मचारियों को नैतिक और नैतिक मूल्यों से युक्त करने के लिए काम करते है।

११. सङ्काय एवं विभाग

विद्यापीठ में चार संकाय हैं। वेद-वेदांग संकाय की अध्यक्षता प्रो. हरिहर त्रिवेदी, दर्शन संकाय की अध्यक्षता प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी और साहित्य एवं संस्कृति संकाय की अध्यक्षता प्रो. भागीरथि नन्द द्वारा की जा रही है। इन तीनों संकायों की स्थापना शास्त्र का अध्ययन-अध्यापन और विश्लेषणात्मक ज्ञान प्रदान करने के लिए की गयी हैं। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की स्थापना संस्कृत शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए की गयी है। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. रमेश प्रसाद पाठक हैं। इन संकायों के अन्तर्गत 18 विभाग हैं । यह सभी विभाग वैदिक शास्त्र विषयों से संबंधित हैं जोकि भारतीय सांस्कृतिक विरासत और पारम्परिक ज्ञान के समृद्ध स्रोत हैं। इन विभागों द्वारा उच्च शास्त्रीय ज्ञान के विभिन्न पारम्परिक एवं आधुनिक विषयों की उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

I
वेद-वेदाङ्ग-सङ्काय

वेद-विभाग

वेद विश्व का सबसे प्राचीन एवं ज्ञान-विज्ञान की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। समस्त मानव जाति के सर्वाङ्गीण, सार्वकालिक विकास और संवृद्धि के लिए वेद मार्गदर्शक हैं। विश्व की संरचना, सम्पोषण एवं प्रगति के सभी विधानों का वर्णन वेदों में निहित है। शोषणरहित और समतामूलक समाज की स्थापना का मार्गदर्शन वेद करता है। मानव समाज में प्रकृति से तादात्म्य स्थापित कर जीवन को गतिशील बनाने की शैली वेदों की देन है। वस्तुतः

वेद जीवन दर्शन हैं। सनातन धर्मावलम्बी वेदों का ही अनुगमन करते हैं । वेद अपौरुषेय और अमर हैं । वेद मानव चरित्र को समुज्ज्वल बनाकर मानव में देवत्व की स्थापना करते हैं। आधुनिक युग में वेदाध्ययन की उपयोगिता बहुत अधिक है।

वेद-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण :-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	१०	०१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	११
शास्त्री द्वितीय वर्ष	३	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०३
शास्त्री ततीय वर्ष	५	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०५
आचार्य प्रथम वर्ष	७	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०७
आचार्य द्वितीय वर्ष	१०	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	१०
विशिष्टाचार्य	७	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०७
विद्यावारिधि	२	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०२
कुल	४४	०१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	४५



वेद-विभागीय आचार्य

1. डॉ. गोपाल प्रसाद शर्मा — सह प्रोफेसर
2. डॉ. रामानुज उपाधयाय — सह प्रोफेसर
3. डॉ. देवेन्द्र प्रसाद मिश्र — सहायक प्रोफेसर
4. डॉ. सुन्दर नारायण झा — सहायक प्रोफेसर

धर्मशास्त्र-विभाग

ऋषियों द्वारा धार्मिक आचार, व्यवहार, प्रायश्चित्त, भक्ति, इष्टपूर्त्ति, नैतिकमूल्यबोध, सामाजिक तथा वैयक्तिक कर्त्तव्याकर्त्तव्य की व्यवस्था हेतु धर्मशास्त्र का प्रणयन किया गया है । वेदविहित कर्मों के आनुपूर्व्य से कल्पनाशास्त्र रूपक कल्प का यह अङ्गभूत है । इस शास्त्र में मनु, याज्ञवल्क्य, पराशर, पारस्कर, गौतम, नारद, बृहस्पति, बौधायन, जीमूतवाहन, विज्ञानेश्वर, माधवाचार्य, कौटिल्य-प्रभृति सूत्र, स्मृति, भाष्य, तात्कालिक निबन्धात्मक प्राचीनग्रन्थों के अध्ययन के साथ ज्वलन्त युगोपयोगी एवं आधुनिकता के साथ सामञ्जस्य रखने वाले विषयों जैसे स्त्री-अधिकार, हिन्दूविधि, संस्कार, नैतिकशिक्षा, पर्यावरण, मानवाधिकार, राजधर्म, दण्ड, अपराध प्रभृतिय पर अध्ययन-अध्यापन किया जाता है, जिससे सामाजिक विधि-व्यवस्थाओं के उन्नत दर्शनों का अध्ययन और मानवीय मूल्यों के प्रणयन के साथ-साथ आत्मिक विकास होता है । धर्मशास्त्र विभाग द्वारा *'धर्मशास्त्रीयसंस्काराणांवैज्ञानिकपरिशीलनम्'* विषय पर दिनांक 30-31 मार्च, 2016 को दो दिवसीय राष्ट्रिय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

धर्मशास्त्र-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण :-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	१	.	.	१	.	.	.	.	२	.	.	.	०४
शास्त्री द्वितीय वर्ष	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०१
शास्त्री ततीय वर्ष	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	००
आचार्य प्रथम वर्ष	१	४	.	.	.	१	.	.	.	.	.	.	०६
आचार्य द्वितीय वर्ष	१	३	१	१	.	.	.	.	.	.	.	.	०६
विशिष्टाचार्य	१	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०२
विद्यावारिधि	.	.	.	.	.	.	.	.	.	१	.	.	०१
कुल	५	८	१	२	.	१	.	.	२	१	.	.	२०



धर्मशास्त्र-विभागीय आचार्य

1.	डॉ. यशवीर सिंह	सह प्रोफेसर
2.	डॉ. सुधांशु भूषण पण्डा	सह प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष

व्याकरण विभाग

संस्कृत वाङ्मय के सम्यक् ज्ञान एवं अध्ययन के लिए व्याकरण-शास्त्र का अध्ययन किया जाता है। संस्कृत-व्याकरण की संवृद्धि एवं पुष्टता भाषा-विज्ञान की दृष्टि से अतुलनीय है । विश्व की समस्त भाषाओं में संस्कृत सबसे परिपूर्ण एवं उन्नत भाषा स्वीकार की जाती है, जिसका मूल कारण इसका व्याकरण सम्बन्धी पक्ष है। अपनी इस विशेषता के कारण ही यह वेद का सर्वप्रमुख अङ्ग माना जाता है । इसके मूलत: पाँच प्रयोजन हैं - रक्षा, ऊह, आगम, लघु और असन्देह। व्याकरण शास्त्र का बृहद् इतिहास है, किन्तु महामुनि पाणिनि और उनके द्वारा प्रणीत अष्टाध्यायी ही इसका केन्द्र- बिन्दु है। पाणिनि ने अष्टाध्यायी में 3995 सूत्रों की रचना कर भाषा के नियमों को व्यवस्थित किया, जिसमें वाक्यों में पदों का संकलन, पदों का प्रकृति-प्रत्यय विभाग एवं पदों की रचना आदि प्रमुख तत्त्व हैं । इन नियमों की पूर्त्ति के लिये धातुपाठ, गणपाठ तथा उणादिसूत्र भी पाणिनि ने बनाये। सूत्रों में उक्त, अनुक्त एवं द्विरुक्त विषयों का विचार कर कात्यायन ने वार्त्तिक की रचना की । बाद में महामुनि पतञ्जलि ने महाभाष्य की रचना कर संस्कृत व्याकरण को पूर्णता प्रदान की । इन्हीं तीनों आचार्यों को त्रिमुनि के नाम से जाना जाता है । प्राचीन व्याकरण में इनके द्वारा रचित शास्त्रों का अनिवार्यत: अध्ययन किया जाता है ।

प्राचीन- व्याकरण एवं नव्य-व्याकरण दो स्वतन्त्र विषय हैं । नव्य-व्याकरण के अन्तर्गत प्रक्रिया क्रम के अनुसार शास्त्रों का अध्ययन किया जाता है, जिसमें भट्टोजिदीक्षित, नागेशभट्ट आदि आचार्यों के ग्रन्थों का अध्ययन मुख्य है। व्याकरण विभाग द्वारा दिनांक 24/11/15 को आचार्य मण्डल मिश्र स्मारक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

प्राचीन-व्याकरण में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण :-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	३	.	.	.	.	.	.	.	२	.	.	.	०५
शास्त्री द्वितीय वर्ष	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०१
शास्त्री ततीय वर्ष	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	००
आचार्य प्रथम वर्ष	१	.	.	.	.	.	.	.	१	.	.	.	०२
आचार्य द्वितीय वर्ष	.	.	.	.	.	.	.	.	१	.	.	.	०१
विशिष्टाचार्य	३	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०४
विद्यावारिधि	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	००
कुल	८	१	.	.	.	.	.	.	४	.	.	.	१३



नव्य-व्याकरण में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण :-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	२७	.	२	.	१	.	.	१	४	.	.	.	३५
शास्त्री द्वितीय वर्ष	३६	१	१	.	१	.	.	.	६	.	.	.	४५
शास्त्री ततीय वर्ष	१७	.	३	.	.	.	.	.	१	.	.	.	२१
आचार्य प्रथम वर्ष	२८	२	.	.	.	.	.	.	१	.	.	.	३१
आचार्य द्वितीय वर्ष	१०	२	.	१	.	.	.	.	.	.	.	.	१३
विशिष्टाचार्य	०८	२	.	.	.	.	.	.	२	.	.	.	१२
विद्यावारिधि	०२	.	.	.	.	.	.	.	.	१	.	.	०३
कुल	१२८	०७	०६	०१	०२	.	.	०१	१४	०१	.	.	१६०



व्याकरण-विभागीय आचार्य

1.	प्रो. कमला भारद्वाज	प्रोफेसर एवं विभागाधयक्ष
2.	प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा	प्रोफेसर
3.	डॉ. राम सलाही द्विवेदी	सहायक प्रोफेसर
4.	डॉ. सुजाता त्रिपाठी	सहायक प्रोफेसर
5.	डॉ. दयाल सिंह	सहायक प्रोफेसर

पौरोहित्य-विभाग

प्राचीन काल से ही मनुष्यों के लिए ऐहलौकिक तथा पारलौकिक मनोरथों की पूर्ति का साधन श्रौतयाग एवं स्मार्तयाग माना गया है । श्रौतयागों का आधार संहिताओं के मन्त्र हैं, किन्तु केवल मन्त्रों की जानकारी मात्र से ही कोई याग सम्पन्न नहीं हो सकता, इसके लिए अनुष्ठान की पद्धति का भी पूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है । पौरोहित्य-विभाग में छात्रों को अनुष्ठान पद्धति का पूर्ण ज्ञान एवं विविध कर्मकाण्डों से सम्बन्धित अनुष्ठानों की प्रक्रिया के सूक्ष्मतम परिचय के साथ अध्ययन-अध्यापन कराया जाता है। कर्मकाण्ड के अध्ययन तथा यज्ञ-अनुष्ठान से समस्त जन का कल्याण होता है । ईश्वर की अराधाना, साधना, सस्वरपाठ, रुद्राष्टाध्यायी, कुण्डमण्डपनिर्माण, व्रत, संस्कार, प्रतिष्ठा, शान्ति, मुहूर्त्त, अनुष्ठानादि की जानकारी के लिये यह विषय अत्यन्त ज्ञानपद है । पौरोहित्य से आस्तिक जन सम्पूर्ण मनोभिलषित प्रकार की कामनाओं की पूर्ति कर सकते हैं। यह विभाग भारतीय परम्परा से परिपूर्ण सामाजिक गतिविधियों तथा रीति-रिवाजों को सफल एवं शास्त्र-सम्मत बनाने में छात्रों को योग्य बनाता है, साथ ही साथ उन्हें आचार, व्यवहार व शिष्टाचार के सनातन तथ्यों से परिचित कराता है।

पौरोहित्य-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण :-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	४	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	४
शास्त्री द्वितीय वर्ष	२	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	२

शास्त्री ततीय वर्ष	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.
आचार्य प्रथम वर्ष	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	१
आचार्य द्वितीय वर्ष	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	१
विशिष्टाचार्य	३	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	३
विद्यावारिधि	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.
षाण्मासिक पौरोहित्य प्रमाणपत्र	१४	.	.	.	.	.	.	.	२	.	.	.	१६
एक वर्षीय पौरोहित्य डिप्लोमा	१६	.	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	२०
कुल	४४	.	०१	.	.	.	.	.	२	.	.	.	४७



पौरोहित्य-विभागीय आचार्य

1. प्रो. हरिहर त्रिवेदी — प्रोफेसर
2. डॉ. रामराज उपाधयाय — सह प्रोफेसर
3. डॉ. वृन्दावन दाश — सह प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष

ज्योतिष-विभाग

ज्योषितशास्त्र "ज्योतिर्विज्ञान" नाम से प्रसिद्ध है, इससे न केवल इसकी वैज्ञानिकता ही प्रकट होती है बल्कि ग्रह नक्षत्रों की गति, स्थिति, युति, अमावस्या, पूर्णिमा, ग्रहणादि गणितीय पदार्थों के वेध के द्वारा दृक्सिद्धि के कारण यह शास्त्र विज्ञान की श्रेणी में प्रत्यक्षत्व की सिद्धि प्राप्त करता है। इस शास्त्र के मुख्य रूप से तीन विभाग सिद्धान्त, संहिता और होरा के रूप में किए गए हैं।

ज्योतिष विभाग द्वारा शास्त्री, आचार्य, विशिष्टाचार्य एवं विद्यावारिधि स्तर के पाठ्यक्रमों का शिक्षण प्रदान किया जाता है। यह विभाग जन-सामान्य को ज्योतिष-शास्त्र के परम्परागत ज्ञान से परिचित कराने के लिए एक-एक वर्ष की समयावधि के प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम 'ज्योतिष-प्राज्ञ' एवं 'ज्योतिष-भूषण' सञ्चालित करता है। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्वीकृति एवं उसके द्वारा प्रदत्त विशेष सहायता योजना (SAP-DRS-I,II एवं III ज्यो0) के अन्तर्गत मेडीकल-एस्ट्रोलॉजी में एक वर्ष का प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम सञ्चालित करता है। इस योजना के अन्तर्गत बाह्य विद्वानों के विशिष्ट व्याख्यान भी कराये जाते हैं।

ज्योतिष विभाग द्वारा प्रतिवर्ष 'पञ्चाङ्ग' का संपादन एवं प्रकाशन किया जाता है। इस वर्ष संवत् 2073 (शक्-संवत् 1938) के पञ्चाङ्ग का प्रकाशन किया गया। इसका सम्पादन प्रो. प्रेम कुमार शर्मा एवं डॉ. बिहारी लाल शर्मा ने किया। पञ्चांग निर्माण का कार्य समस्त ज्योतिष विभागीय अध्यापकों द्वारा सामूहिक दायित्व के रूप में किया गया। इसके प्रकाशन, विक्रय एवं विद्वानों को उपलब्ध कराने का कार्य शोधप्रकाशन विभाग द्वारा किया गया।

सिद्धान्त-ज्योतिष में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण :–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	४	१	.	.	.	.	.	.	१	.	.	.	०६
शास्त्री द्वितीय वर्ष	६	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०६
शास्त्री ततीय वर्ष	२	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०२
आचार्य प्रथम वर्ष	२	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०२
आचार्य द्वितीय वर्ष	३	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०३
विशिष्टाचार्य	६	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०६
विद्यावारिधि	५	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०५
कुल	२८	०१	.	.	.	.	.	.	०१	.	.	.	३०



फलित-ज्योतिष में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण :-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	१६	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	१७
शास्त्री द्वितीय वर्ष	२	.	.	.	.	.	.	.	३	.	.	.	०५
शास्त्री ततीय वर्ष	१३	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	१३
आचार्य प्रथम वर्ष	१६	४	.	.	.	.	१	.	२	१	१	.	२८
आचार्य द्वितीय वर्ष	२६	१	.	.	.	.	.	.	१	.	.	.	२८
विशिष्टाचार्य	१२	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	१२
विद्यावारिधि	६	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०६
कुल	६४	०६	.	.	.	.	०१	.	०६	०१	०१	.	१०६



प्रमाण पत्र/डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रविष्ट छात्रों का विवरण

पाठ्यक्रम का नाम	पुरुष	महिला	कुल
ज्योतिष षाण्मासिक	३६	३	३९
ज्योतिष प्राज्ञ	४८	८	५६
ज्योतिष भूषण	१२	५	१७
मेडिकल भैषज	२४	५	२९
कुल योग	**१२०**	**२१**	**१४१**

त्रिदिवसीय राष्ट्रिय पञ्चाङ्ग कार्यशाला

दिनांक 21.7.2015 से दिनांक 23.7.2015 तक विद्यापीठ पञ्चाङ्ग के व्रत-पर्व एवं उत्सव के निर्णय हेतु त्रिदिवसीय पञ्चाङ्ग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर से ज्योतिष शास्त्र के विद्वान् उपस्थित हुए।

इस कार्यशाला में वर्षभर में मनाये जाने वाले व्रत-पर्वोत्सवों की ज्योतिष एवं धर्मशास्त्रीय व्यवस्थाओं पर गम्भीर चिन्तन एवं मनन कर शास्त्रीय रीति से व्रत-पर्वोत्सवों का निर्णय किया गया।

ज्योतिष-विभागीय आचार्य

1. प्रो. प्रेम कुमार शर्मा — प्रोफेसर
2. प्रो. बिहारीलाल शर्मा — प्रोफेसर एवं विभागाधयक्ष
3. प्रो. विनोद कुमार शर्मा — प्रोफेसर

4.	डॉ. नीलम ठगेला	सह प्रोफेसर
5.	डॉ. दिवाकर दत्त शर्मा	सह प्रोफेसर
6.	डॉ. परमानन्द भारद्वाज	सह प्रोफेसर
7.	डॉ. सुशील कुमार	सहायक प्रोफेसर
8.	डॉ. गणीन्द्र कुमार चौधारी	सहायक प्रोफेसर
9.	डॉ. रश्मि चतुर्वेदी	सहायक प्रोफेसर

स्थापत्य के रूप में वास्तुशास्त्र का वर्णन वैदिककाल से ही सर्वत्र दिखाई देता है । दिग् और काल के अनुरूप किसी भी देश एवं स्थान में स्थापत्य का विचार अभिष्ट व्यक्ति के अनुरूप करना वास्तुशास्त्र का मुख्य उद्देश्य है । स्थापत्य के शुभाशुत्व के विचार के कारण ही ज्यौतिष शास्त्र के संहिता भाग में वास्तु विद्या का समावेश हुआ।

वास्तु रूपों के वर्णन से यह द्योतित होता है कि जैसे हमारा सम्पूर्ण शरीर एक सजीव इकाई है परन्तु उसे बनाने वाली सूक्ष्म कोशिकायें अपने में एक चेतन्य इकाईयां हैं। उनकी प्रतिक्रियायें समग्र शरीर की प्रतिक्रिया होती है। यही एकात्मता का भाव वास्तु में भी प्रधान है। ग्रह, नक्षत्र, सूर्य, चन्द्र आदि सभी के ऊर्जा प्रभाव के कारण वास्तुरचना अनुकूल और प्रतिकूल परिणाम देती है। वास्तुशास्त्र का उद्देश्य सर्वविध सुखी एवं शान्त सुरक्षित जीवन से है जहाँ रहकर व्यक्ति अपने उद्देश्य की पूर्ति कर सकें।

वास्तुशास्त्र की एक विस्तृत शास्त्रीय परम्परा एवं वर्तमान में इसके स्वरूप व लोगों में इस शास्त्र के प्रति रुचि को देखते हुए विद्यापीठ ने अन्य विभागों के ही अनुरूप वास्तुशास्त्र विभाग में भी शास्त्री, आचार्य, विशिष्टाचार्य एवं विद्यावारिधि की कक्षाओं में प्रवेश सत्र 2013-14 से प्रारम्भ हो हुआ। जन सामान्य की वास्तुशास्त्र में रूचि को देखते हुए एवं विश्वविद्यालय अनुदान के दिशा निर्देशानुसार वास्तुशास्त्र में द्विवर्षीय पी0जी0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी चल रहा है। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वास्तुशास्त्र के दुर्लभ एवं गम्भीर शास्त्रीय ज्ञान से सामान्य जनता को परिचित कराना है।

वास्तुशास्त्र विभाग में वार्षिक वास्तुशास्त्र विमर्श का प्रकाशन होता है वर्ष 2015-16 में वास्तुशास्त्रविमर्श 'अष्टमपुष्प' का प्रकाशन प्राय: पूर्ण हो गया है जो प्रकाशनार्थ प्रेस में है। वास्तुशास्त्र विमर्श का विक्रय एवं आवश्यकतानुसार विद्वानों को उपलब्ध कराने का कार्य विद्यापीठ के प्रकाशन विभाग द्वारा किया जाता है।

वास्तुशास्त्र में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण :-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	६	.	.	.	.	.	.	.	१	२	.	.	०६
शास्त्री द्वितीय वर्ष	५	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०५
शास्त्री ततीय वर्ष	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	००

आचार्य प्रथम वर्ष	५	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०५
आचार्य द्वितीय वर्ष	५	.	.	.	.	.	.	.	१	.	.	.	०६
विशिष्टाचार्य	६	.	.	.	१	.	.	.	.	.	.	.	०७
विद्यावारिधि	३	.	.	.	१	.	.	.	.	.	.	.	०४
पाण्मासिक प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम	४	२	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०६
पी.जी. डिप्लोमा (प्रथम वर्ष)	४	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०४
पी.जी. डिप्लोमा (द्वितीय वर्ष)	१४	२	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	१६
कुल	५२	४	.	.	२	.	.	.	२	२	.	.	६२



वास्तुशास्त्र-विभागीय आचार्य

1. प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी — प्रोफेसर एवं विभागाधयक्ष

II

साहित्य एवं संस्कृति सङ्काय

साहित्य एवं संस्कृति सङ्काय के अन्तर्गत तीन विभाग और पाँच आधुनिक विषय सम्मिलित किये गये प्रभाग हैं, जिनमें साहित्य, पुराणेतिहास और प्राकृत विभाग तथा हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र और सङ्गणक विषय हैं । साहित्य एवं संस्कृति सङ्काय मूलत: संस्कृत साहित्य वाङ्मय की विभिन्न विधाओं में शिक्षण एवं शोध आदि कार्य सम्पादित करता है । संस्कृत के विभिन्न विद्वानों एवं रचनाकारों द्वारा प्रणीत साहित्य का अध्ययन-अध्यापन इसके विभागों में किया जाता है। इन विभागों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है-

साहित्य-विभाग

'पश्चमी साहित्यविद्या'-आचार्य राजशेखर के अनुसार वेद-विहित चार विद्याओं के अतिरिक्त पश्चमीविद्या के रूप में साहित्य का अनिवार्य स्थान माना गया है । सौन्दर्यशास्त्र, कला और कलाशास्त्र, सङ्गीत और सङ्गीतशास्त्र, नाट्य और नाट्यशास्त्र आदि इस के अन्तर्गत होने के कारण लोक जीवन में यह साहित्य प्रतिपद अनुभूत होता है । साहित्य विभाग का प्रयास है कि शास्त्री से आचार्य तक अधययन के उपरान्त प्रत्येक छात्र एक पूर्ण विकसित साहित्यिक परम्परा से उद्‌बुद्ध हो। स्नातकोत्तर स्तर पर काव्यशाखा, नाट्यशाखा, एवं अलङ्कारशाखा के रूप में संस्कृत साहित्य एवं साहित्यशास्त्र के विशद अध्ययन एवं अध्यापन से इस विभाग को विशेष गौरव प्राप्त है ।

वर्तमान युग में शोध की दृष्टि से तथा जनसामान्य के लाभ के लिये महाकाव्यों की प्रासङ्गिकता के प्रचार-प्रसार एवं विशद-अध्ययन की दृष्टि से विभाग में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विशेष आर्थिक अनुदान (SAP) से 'बृहत्त्रयी बृहत्कोशयोजना' के रूप में एक विभागीय शोध-योजना चल रही है, जो विभाग के अध्येताओं की शोध प्रवृत्ति वृद्धि की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है । सैप (DRS-II) भी यू.जी.सी द्वारा स्वीकृत।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार साहित्य विभागीय पाठ्यक्रम का संशोधन एवं विस्तार विभागीय अध्ययनमण्डल के द्वारा किया गया, जिसमें भरत से लेकर आधुनिक कालपर्यन्त समस्त साहित्यशास्त्रीय ग्रन्थों का समावेश किया गया है तथा प्राच्य पाश्चात्य साहित्य तथा संस्कृत साहित्यशास्त्र का भी अध्ययन कराया जा रहा है ताकि छात्रें की तुलनात्मक सूक्ष्मता का सामाजिक परिवेश के अध्ययन हेतु पर्याप्त विकास हो सके ।

साहित्य-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण :-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	२६	४	.	१	१	.	.	.	२	३	.	.	३७
शास्त्री द्वितीय वर्ष	१६	५	१	.	.	.	.	.	१	.	.	.	२६
शास्त्री ततीय वर्ष	१६	.	.	.	१	.	.	.	४	.	.	.	२१
आचार्य प्रथम वर्ष	२१	६	.	२	.	.	.	.	१	.	.	.	३०
आचार्य द्वितीय वर्ष	१४	४	१	२	.	.	१	.	.	२	.	.	२४
विशिष्टाचार्य	६	२	२	१	१	.	.	.	३	२	.	.	२०
विद्यावारिधि	१	३	.	.	.	.	.	.	१	२	.	.	०७
कुल	१०६	२४	०४	०६	०३	.	०१	.	१२	०६	.	.	१६५



साहित्य विभाग द्वारा दिनांक 12/2/2016 से 14/2/2016 तक 'महाकविमाघविरचित शिशुपालवध महाकाव्यविशदपरिशीलनात्मकं' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रिय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

१. दिनांक 27.7.15 को **'गद्य एवं काव्यशास्त्र'** विषय पर प्रो. रास बिहारी द्विवेदी, जबलपुर, म.प्र, द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया।
2. दिनांक 29.7.15 को **'अच्छा मानव व्यवहार निर्माण करने हेतु सस्कृत की उपयोगिता'** विषय पर प्रो. एस. पी. शर्मा, अलीगढ़, उप्र. द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया।
3. दिनांक 26.8.15 को **'शब्दधारा सम्बन्ध'** विषय पर प्रो. बृजकिशोर स्वाइन द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया।
4. दिनांक 4.9.2015 को अध्यापक दिवस के अवसर पर **'समय प्रबंधन और निरंतर प्रेरणा'** विषय पर प्रो. एस. एस. खाड़का, राष्ट्रिय संस्थान वित्त, फरीदाबाद, हरियाणा द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया।

साहित्य-विभागीय आचार्य

1.	प्रो. शुकदेव भोइ	प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2.	प्रो. भागीरथि नन्द	प्रोफेसर
3.	प्रो. देवदत्त चतुर्वेदी	प्रोफेसर
4.	प्रो. रश्मि मिश्रा	प्रोफेसर
5.	डॉ. सुमन कुमार झा	सहायक प्रोफेसर
6.	डॉ. अरविन्द कुमार	सहायक प्रोफेसर

पुराणेतिहास-विभाग

प्राचीन संस्कृत साहित्य में पुराणों का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है । इन्हें भारतीय संस्कृति, सभ्यता, राजनीति, भूगोल, इतिहास आदि का विश्वकोष कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी । समस्त शास्त्रों का मूल आधाार पुराणों में विद्यमान है । अत: पुराणों का अधययन हर दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है । भारतीय परम्परा के अनुसार महापुराणों की संख्या 18 है । इनके एक-एक उपपुराण भी हैं । इन पुराणों के कर्त्ता महर्षि व्यास माने जाते हैं । पुराणों में मुख्यत: सृष्टि, प्रलय, राजवंशावलियाँ, मनुओं का काल तथा विभिन्न राजाओं का इतिहास वर्णित है । यही कारण है कि इसे पुराणेतिहास नाम से भी जाना जाता है ।

पुराणेतिहास-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरणः-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	२	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०३
शास्त्री द्वितीय वर्ष	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	००
शास्त्री ततीय वर्ष	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०१
आचार्य प्रथम वर्ष	४	१	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.	०५
छात्रों के स्वास्थ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विभिन्न खेलों एवं खेल प्रतिस्पर्धाओं के विशेष महत्व है। इसे ध्यान में रखते हुए विद्यापीठीय छात्र-छात्राओं के लिए एक स्वतन्त्र क्रीड़ा अनुभाग है, जिसके द्वारा विभिन्न खेलों की सुविधायें उपलब्ध कराई जाती है। मुख्यत: धावन पथ, क्रिकेट, योगासन, मल्लयुद्ध, कबड्डी, बैडमिंटन, वालीवाल, आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

क्रीडा विभाग द्वारा जिमनेजियम् (व्यायामशाला) की अलग व्यवस्था है। साथ ही साथ (विद्यापीठ में कार्यरत महिला कर्मचारियों एवं अध्यापिकाओं के लिए (Basic facility for Women) Women Recreation Center की स्थापना की गई । इन सभी की व्यवस्था व सञ्चालानार्थ हेतु खेल प्रभारी, जिम व Women Recreation Center के रूप में मनोज कुमार मीणा को प्रभार दिया गया है। खेलों में उपलब्धियाँ-

1. एम.डी.यू, रोहतक विश्वविद्यालय द्वारा सितम्बर, अक्टूबर 2015 में नॉथ जोन बैडमिंटन का आयोजन किया गया जिसमें विद्यापीठीय दल के 7 छात्रों ने भाग लिया गया।
2. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा नवम्बर 2015 में नार्थ जोन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें विद्यपीठीय दल के 16 छात्रों ने भाग लिया गया।
3. सी.आर.एस विश्वविद्यालय, जींद द्वारा अखिल भारतीय योग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें विद्यापीठ के 12 छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता।

(ट) स्वच्छ भारत अभियान

राष्ट्रपिता महात्मागाँधी के 150वें जन्मोत्सव 02 अक्टूबर, 2019 तक भारत को पूर्णत: स्वच्छ बनाने की दिशा में दिनांक 02 अक्टूबर, 2014 से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का प्रारम्भ किया गया। स्वच्छ भारत अभियान अक्टूबर 2015 में विद्यापीठ द्वारा आयोजित किया गया, दिनांक 2 अक्टूबर 2015 को माननीय कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें विद्यापीठ के समस्त कर्मचारियों, अधिकारियों तथा परिसर में रहने वाले विद्यापीठ परिवार के सभी सदस्यों ने स्वच्छता शपथ समारोह में सम्मिलित होकर महात्मा गाँधी के स्वप्नों को साकार करने की दिशा में विद्यापीठीय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान में योगदान किया।

(ठ) योग विज्ञान केन्द्र

इस सत्र में सांख्ययोगविभागान्तर्गत योगविज्ञान केन्द्र द्वारा एकवर्षीय पी.जी. डिप्लोमा का उद्घाटन माननीय कुलपति महोदय जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम में योग पाठ्यक्रम में प्रविष्ट सभी छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। योगविज्ञान केन्द्र योगविद्या के प्रचार-प्रसार में सतत प्रयत्नशील है । प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी, संकाय प्रमुख, दर्शन-संकाय इसके समन्वयक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास करते विद्यापीठ के अधिकारी एवं छात्र।

योग विज्ञान केन्द्र के सत्रारम्भ के अवसर पर मंच पर विराजमान अधिकारी गण।

(ड) सतर्कता जागरूकता सप्ताह

दिनांक 26/10/2015 से 31/10/2015 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. बी.बी. गोयल द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया तथा विद्यापीठ द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी किया गया।

(ढ़) एन.सी.सी.

विद्यापीठ में एन.सी.सी. प्रशिक्षण व्यवस्था के निरीक्षणार्थ एवं सञ्चालनार्थ एन.सी.सी अधिकारी के रूप में विद्यापीठ के डॉ. मीनू कश्यप एवं प्रो. पीयूष कान्त दीक्षित।

एन.सी.सी. छात्रावर्ग की गतिविधियाँ एवं डॉ. अभिषेक तिवारी को दायित्व प्रदान किया गया है।

1. दिनांक 21 जून, 2015 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में 14 छात्रा कैडेटों ने भाग लिया ।
2. दिनांक 8 अगस्त 2015 से 18 अगस्त 2015 तक 10 कैडेटों ने दिल्ली कैन्ट में भाग लिया।
3. दिनांक 24 अगस्त 2015 को कमांडिग अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी, जी. बीएन. एन.सी. सी. 3 दिल्ली द्वारा विद्यापीठ दौरा किया तथा और कैडेटों के लिये व्याख्यान दिया। माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में इस समारोह का आयोजन किया गया।
4. दीक्षांत समारोह के अवसर पर एन.सी.सी छात्रा कैडेटों द्वारा माननीय केन्द्रीय मंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्रालय को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।
5. गणतंत्र दिवस के अवसर पर एन.सी.सी लड़कियों के कैडेटों द्वारा विद्यापीठ के माननीय कुलपति जी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

एन.सी.सी. छात्रों की उपलब्धियाँ :

1. दिनांक 21 जून 2015 को 23 कैडेटों ने एटीसी योग शिविर में भाग लिया।
2. दिनांक 3 अगस्त से 13 अगस्त तक 5 कैडेटों ने सेना के शिविर, दिल्ली छावनी में भाग लिया।
3. दिनांक 15 अगस्त 2015 को 9 कैडेटो द्वारा माननीय कुलपति महोदय को गॉड ऑफ ऑनर दिया गया।
4. दिनांक 21 अगस्त 2015 से 27 नवम्बर 2015 तक शुक्रवार के दिन सभी कैडेटों द्वारा भाग लिया गया।
5. दिनांक 23 अक्टूबर 2015 से 9 नवम्बर 2015 तक 9 कैडेटों द्वारा सेना अनुलग्नक शिविर मे भाग लिया।
6. दिनांक 6 अक्टूबर 2015 से 18 अक्टूबर 2015 तक 3 कैडेटों द्वारा राष्ट्रीय खेल, दिल्ली कैंट में भाग लिया।
7. दीक्षांत समारोह के अवसर पर एन.सी.सी के 30 कैडेटों द्वारा माननीय केन्द्रीय मंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्रालय को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

8. दिनांक 16 अक्टूबर 2015 से 25 अक्टूबर 2015 तक 10 कैडेटों द्वारा जी.पी.एच.क्यू. दिल्ली में भाग लिया।

9. दिनांक 17 जनवरी 2016 से 18 जनवरी 2016 तक 4 कैडेटों द्वारा एन.आई.सी शिविर, पंजाब में भाग लिया।

10. दिनांक 12 जनवरी 2016 से 23 जनवरी 2016 तक 1 कैडेट द्वारा ए.एल.सी शिविर, गुजरात में भाग लिया।

11. गणतंत्र दिवस के अवसर पर एन.सी.सी के 35 लड़को के कैडेटों द्वारा विद्यापीठ के माननीय कुलपति जी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

(ढ) अनुशासन

विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा-व्यवस्था एवं छात्रों में अनुशासन-प्रियता को सुदृढ़ करने के लिये कुलानुशासक उत्तरदायी होते हैं । कुलानुशासक सत्र के आरम्भ में कुलानुशासक मण्डल का गठन कुलपति जी की स्वीकृति से करते हैं । यह मण्डल सुरक्षा एवं अनुशासन से सम्बद्ध आवश्यक विषयों पर यथासमय कुलानुशासक की अध्यक्षता में विचार-विमर्श करता है । विद्यापीठ की परिनियमावली 39(5) के अनुसार छात्रों एवं शोधछात्रों के लिए निम्नलिखित सदस्यों से युक्त अनुशासन समिति का गठन किया गया है-

1.	कुलानुशासक	अध्यक्ष
2.	संकाय प्रमुख (छात्रकल्याण)	सदस्य
3.	सम्बन्धित संकाय प्रमुख	सदस्य
4.	सम्बन्धित विभागाध्यक्ष	सदस्य
5.	कुलपति द्वारा नामित अ.जा /ज.जा./अ.पि.वर्ग/महिला/वि. वर्ग का एक अध्यापक (उक्त वर्ग के छात्रों से संबंधित होने पर)	सदस्य
6.	सहायक कुलसचिव/ अनुभाग अधिकारी (शैक्षणिक)	सचिव

अनुशासन मण्डल

1. प्रो. हरिहर त्रिवेदी (संकाय प्रमुख, वेद-वेदांग संकाय)	-	अध्यक्ष
2. प्रो. शुकदेव भोइ (विभागाध्यक्ष, साहित्य)	-	सदस्य
3. प्रो. कमला भारद्वाज (छात्रकल्याण)	-	सदस्य
4. प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी (संकाय प्रमुख, दर्शन संकाय)	-	सदस्य
5. प्रो. भागीरथि नन्द (संकाय प्रमुख, साहित्य एवं संस्कृति सकाय	-	सदस्य
6. प्रो. रमेश कुमार पाठक (संकाय प्रमुख, आधुनिक ज्ञान विज्ञान संकाय)	-	सदस्य
7. प्रो. हरेराम त्रिपाठी (अध्यक्ष, शोध एवं प्रकाशन विभाग)	-	सदस्य
8. प्रो. बिहारी लाल शर्मा (विभागाध्यक्ष, ज्योतिष)	-	सदस्य
9. प्रो. प्रेम कुमार शर्मा (कुलानुशासक)	-	समन्वयक

सत्र 2015-16 के दौरान दिनांक 23/11/15, 14/12/15, 20/12/15 एवं 15/2/16 को कुलानुशासक मण्डल की बैठक आयोजित की गई।

नोडल अधिकारी-एंटी रैगिंग: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग रोकथाम नियम 2009 के अनुपालन में प्रो. बिहारी लाल शर्मा को नोडल अधिकारी, एंटी रैगिंग नियुक्त किया गया है।

१८. शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पद

वर्तमान में शैक्षणिक वर्ग में 11 प्रोफेसर, 21 सह-प्रोफेसर एवं 88 सहायक प्रोफेसर तथा 01 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के कुल 121 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 78 शैक्षणिक पदों पर 77-अध्यापक + 01 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष कार्यरत हैं। विद्यापीठ में कार्यरत अध्यापकों को सी.ए.एस के अन्तर्गत पदोन्नति प्रदान किया गया। गैर शैक्षणिक वर्ग में कुल 125 पद (ग्रुप-'ए'- 12 ग्रुप-'बी'- 31 एवं ग्रुप-'सी'-82 स्वीकृत हैं, जिनमें से 82 गैर-शैक्षणिक पदों पर अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत हैं। कुलपति, कुलसचिव एवं वित्ताधिकारी के मार्गदर्शन में विद्यापीठ प्रशासन ने समस्त प्रशासकीय दायित्त्वों का निवर्हन अधिकारियों एवं सहकर्मियों की सहायता से किया है। विद्यापीठ द्वारा रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती के लिए सतत् प्रयास किया जा रहा है ।

१९. आरक्षण एवं अन्य प्रावधान

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए विशेष प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों के अनुसार विद्यापीठ में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए विशेष प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। विद्यापीठ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं भारत सरकार की आरक्षण संबन्धी नीतियों का अनुपालन करता है। अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों को छात्रवृत्ति प्रदान करने, स्टाफ क्वार्टर और छात्रावास आबंटन में भी आरक्षण की व्यवस्था करता है। चयन एवं पदोन्नति के समय पर भी विद्यापीठ में आरक्षण नीति का पालन होता है। प्रो. सदन सिंह, शिक्षाशास्त्र संकाय, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के सम्पर्क अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उपर्युक्त सभी स्थितियों में भारत सरकार की सभी आरक्षण नीतियों को पूर्णत: लागू करने के लिए विद्यापीठ में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक पदों एवं छात्रों के पंजीयन में भी गत वर्षों की अपेक्षा पर्याप्त सुधार रहा है।

वर्ष के दौरान इस प्रकोष्ठ ने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कैडर का रोस्टर रजिस्टर तैयार किया। तद्नुसार विद्यापीठ प्रशासन द्वारा बैकलॉग रिक्तियों विज्ञापन जारी किया गया। प्रकोष्ठ द्वारा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के संबंध में सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार कर मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भेजा गया।

शैक्षणिक पदों में आरक्षण का विवरण

शैक्षणिक	पुरुष/महिला	सामान्य	अनु. जाति	अनु. जन. जाति	अन्य पिछड़ी जाति	विकलांग	अल्पसंख्यक	योग
प्रोफेसर (Direct)	पुरुष	०७	०१	..	..	..	..	०८
	महिला	..	..	..	..	..	..	..
प्रोफेसर (CAS के अन्तर्गत)	पुरुष	१३	..	..	..	०१ ओ.एच	..	१४
	महिला	०४	..	..	..	..	..	०४
सह-प्रोफेसर (Direct)	पुरुष	०२	..	..	०१	..	..	०३
	महिला	००	..	..	..	..	..	००
सह-प्रोफेसर (CAS के अन्तर्गत)	पुरुष	१३	०१	..	..	..	..	१४
	महिला	०५	०२	..	..	..	..	०७
सहायक प्रोफेसर	पुरुष	१६	०३	०१	..	०१ वी.एच	..	२१
	महिला	०५	०१	..	..	..	..	०६
सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	पुरुष	०१	.	.	.	.	..	०१
योग		**६६**	**०८**	**०१**	**०१**	**०२**	**.**	**७८**

गैर-शैक्षणिक पदों में आरक्षण का विवरण

गैर-शैक्षणिक	पुरुष/महिला	सामान्य	अनु. जाति	अनु. जन. जाति	अन्य पिछड़ी जाति	विकलांग	अल्पसंख्यक	योग
ग्रुप 'ए'	पुरुष	०६	०१	..	..	..	..	०७
	महिला	०२	०१	..	..	..	..	०३
ग्रुप 'बी'	पुरुष	०६	०३	०१	०१	..	..	१४
	महिला	०७	०३	..	..	..	..	१०
ग्रुप 'सी' (ग्रुप 'सी'+'डी')	पुरुष	२६	०६	०३	१२	०२	..	५२
	महिला	०२	..	..	०३	..	..	०५
योग		**५२**	**१७**	**०४**	**१६**	**०२**	**..**	**६१**

प्रकोष्ठ के मुख्य उद्देश्य

1. विद्यापीठ में अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए आरक्षण नीति को लागू करना ।
2. विद्यापीठ में प्रवेश एवं शैक्षणिक/गैर-शैक्षणिक पदों पर चयन के समय लागू नीतियों के आँकड़े संग्रह करना ।
3. भारत सरकार द्वारा इस उद्देश्य हेतु निर्धारित उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रयास करना ।

4. विद्यापीठ में आरक्षण नीति के लगातार लागू करने, नियन्त्रण एवं मूल्यांकन के साथ-साथ भारत सरकार की नीति एवं कार्यक्रमों के प्रभावशाली कार्यान्वयन के लिए योजना बनाना ।

- **प्रकोष्ठ के प्रमुख कार्य**

1. भारत सरकार और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के निर्णयों का अनुपालन करना एवं प्रवेश के लिए भरे जाने वाले फार्म में दी गई अनुबंधित तिथि तक अनुसूचित जाति/जनजाति की श्रेणी के छात्रों एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की वार्षिक सूचनाएँ एकत्रित करना और उसके लिए आवश्यक कदम उठाना ।
2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के लिए आयोग द्वारा निर्धारित नीतियों के विकास एवं संशोधन के लिए सूचनाएं एवं प्रतिवेदन एकत्रित करना ।
3. भारत सरकार के आदेशों और आयोग के निर्णयों को प्रसारित करना तथा विद्यापीठीय शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण के लिए सूचनाएँ एकत्रित करना ।
4. एकत्रित सूचनाओं का विश्लेषण और प्रतिवेदन तैयार करना । मानव संसाधन विकास-मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं अन्य प्राधिकरणों को आवश्यकतानुसार संशोधन हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत करना ।
5. अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के छात्रों एवं कर्मचारियों द्वारा दिए गए विद्यापीठ में प्रवेश, नियुक्ति, पदोन्नति एवं अन्य स्थितियों में प्रस्तुत प्रतिवेदनों की जाँच करना ।
6. विद्यापीठ में सुधार प्रशिक्षण योजना के कार्य की जाँच करना ।
7. विद्यापीठीय अनुसूचित जाति/जनजाति के कर्मचारियों के शिकायत के लिए 'शिकायत सुधार समिति' के रूप में कार्य करना एवं उनकी शैक्षणिक एवं प्राशासनिक समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक सहायता करना ।
8. विद्यापीठ में विभिन्न पदों पर अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की भर्ती के लिए रिकॉर्ड रखना ।
9. आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक अभावों से पीड़ित इन दो समुदायों में उच्च शिक्षा के विकास के लिए समय-समय पर कार्य करना ।

२०. आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

विद्यापीठ के शैक्षणिक एवं प्राशासनिक गुणवत्ता को बनाये रखने तथा उसमें वृद्धि एवं संस्थागत अन्तर्राष्ट्रीय कार्यसंस्कृति के अभ्यास के लिए आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का गठन कुलपति महोदय की अध्यक्षता में किया गया है । प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, वास्तुशास्त्र विभाग इस प्रकोष्ठ के निदेशक हैं।

उद्देश्यः-

1. शैक्षिक और प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन में सुधार हेतु चेतना, निरंतरता और उत्प्रेरक कार्यक्रम हेतु गुणवत्ता प्रणाली का विकास करना ।

2. गुणवत्ता संस्कृति एवं संस्था में उत्तम कार्यव्यवहारों के संस्थात्मिकरण का आन्तरीकरण करते हुए गुणवत्ता अभिवृद्धि की दिशा में संस्थात्मक प्रकार्यों के लिए उपायों को बढ़ावा देना ।

आई.क्यू.ए.सी. के कार्यः-

- विविध शैक्षिक और प्रशासनिक गतिविधियों हेतु गुणवत्ता बेंचमार्क/पैरामीटर का विकास और क्रियान्वयन करना ।
- सहभागी शिक्षण और अधिगम प्रक्रिया के लिए वांछित ज्ञान और तकनीकी को अपनाने हेतु गुणवत्ता शिक्षा एवं संकाय सदस्यों की सुसाध्यता के लिए विद्यार्थी केन्द्रित परिवेश के सृजन हेतु सुविधाओं को सुलभ कराना ।
- विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अन्य लाभप्राप्तकर्त्ताओं से गुणवत्ता संबंधित सांस्थानिक प्रक्रियाओं पर परिपुष्टियों को प्राप्त करने की व्यवस्था करना ।
- उच्च शिक्षा के विभिन्न गुणात्मक पैरामीटर के विषय में सूचना का प्रचार-प्रसार करना ।
- गुणवत्ता परक विषयों और गुणवत्ता चक्रों की अभिवृद्धि के विषय में कार्यशालाओं और संगोष्ठियों का आयोजन करना ।
- विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का प्रलेखीकरण करके गुणात्मक सुधार करना ।
- गुणवत्ता संबंधित गतिविधियों के समन्वय हेतु संस्था के नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करना, जिसमें अच्छे संव्यवहारों को ग्रहण करना और प्रचार-प्रसार करना सम्मिलित है।
- सांस्थानिक गुणवत्ता को बनाये रखने एवं इसमें अभिवृद्धि करने के उद्देश्य से एमआईएस द्वारा सांस्थानिक डाटा बेस का विकास करना और उसकी देखरेख करना ।
- गुणात्मक संस्कृति का विकास करना ।
- निर्धारित प्रारूप में सम्बद्ध गुणवत्ता आश्वासन निकाय द्वारा गुणात्मक पैरामीटर / निर्धारक मानदण्ड पर संस्था की वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट को तैयार करना ।
- ए.क्यू.ए.आर. पर आधारित विभिन्न इकाइयों के गुणात्मक रेडार और पदानुक्रम का द्वि-वार्षिक विकास करना ।
- आई.क्यू.ए.सी. के साथ, प्रत्यायन के पूर्व एवं प्रत्यायन के पश्चात्, गुणवत्ता-निर्धारण, पुष्टि और वृद्धि हेतु अन्तरक्रिया करना है ।

२१. कैरियर काउंसलिंग सेल

विद्यापीठ में कैरियर काउंसलिंग सेल की स्थापना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की 11वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत किया गया । छात्रों की सामाजिक, आर्थिक एवं भौगोलिक विभिन्नताओं को ध्यान में रखते हुए कैरियर काउंसलिंग सेल छात्रों को विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु तैयार करने के लिए उनके व्यक्तित्व की विष्ठोषताओं, सम्प्रेषण कौशल एवं रोजगार सम्बन्धाी कौशलों को विकसित करता है ।

गेट योर ड्रीम जॉब विषय पर आयोजित कार्यशाला के अवसर पर
उपस्थित बाह्य विशेषज्ञ, अध्यापक गण एवं छात्र-छात्राएँ।

२२. महिला अध्ययन केन्द्र

श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विद्यापीठ में महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना सन् 2006 में 10वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत हुई। केन्द्र का मुख्य ध्येय प्राचीन साहित्य का अध्ययन एवं महिला अध्ययन की दृष्टि से उसकी पुर्नव्याख्या करना है। डॉ. रजनी जोशी चौधरी केन्द्र की प्रभारी निदेशिका हैं।

सत्र (2015-2016) के अन्तर्गत अधोलिखित गतिविधियाँ सम्पन्न हुई-

1. केन्द्र द्वारा शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) के विद्यार्थियों के लिए एक फाउन्डेशन पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पाठ्यक्रम के द्वारा भावी शिक्षकों में लैंगिक जागरूकता एवं सजगता का विकास करने का प्रयास किया जाता है।
2. शिक्षाचार्य के छात्रों के लिये **''जेंडर एवं अध्यापक''** विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया।
3. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विद्यापीठ में मार्च 2016 में विद्यार्थियों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा चार्ट बनाना, स्वनिर्मित कविता, श्लोकवाचन, भाषण एवं एकांकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यापीठ के छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

दीक्षांत समारोह के अवसर पर छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम।

4. सुमङ्गली : द जर्नल ऑफ जेंडर एण्ड इन्डियन हेरिटेज, ISSN NO. 2229-6336 का प्रकाशन किया गया।
5. **'Women in the News'** के अन्तर्गत विभिन्न हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्रें में प्रकाशित महिलाओं से सम्बन्धित समाचारों को संकलित कर प्रकाशित किया गया है।

महिला अध्ययन केन्द्र

१. डॉ. रजनी जोशी चौधरी- निदेशक (आई/सी) एवं सह प्रोफेसर शिक्षाशास्त्र
२. डॉ. सविता राय, शोध-सहायक

23. संगणक केन्द्र

संगणक केन्द्र विद्यापीठ के विद्यार्थियों, अध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों को संगणक सम्बन्धित सुविधा प्रदान करता है। यह उनके भौक्षणिक क्रियाकलापों एंव भाोध कार्य में सहायता करता है। यह केन्द्र विद्यापीठीय प्रांगण में स्थित विभागों, प्रभाासनिक भवनों, छात्रावास, अतिथि आवास, इत्यादि में संगणक सम्बन्धी नेटवर्क एवं संगणक का प्रबंधन भी देखता है।

वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी का बुनियादी ढांचा

- शास्त्री, शिक्षाशास्त्री, आचार्य, विशि टाचार्य तथा विद्यावारिधि पाठ्यक्रम की कक्षाओं के छात्रों की सुविधा के लिए तीन वातानुकुलित कम्प्यूटर लैब हैं, जिसमें पाठ्यक्रम के अनुरूप छात्रों के सीखने के कौशल को बढ़ाने के लिए एवं नई चुनौतियों का सामना करने के लिए विभिन्न प्रकार के शिक्षण उपकरण जैसे इंटरनेट सुविधा, LCDTV, मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर आदि उपलब्ध है ।
- इंटरनेट बैडविथ : संगणक केन्द्र में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के NKN परियोजना के तहत 10 जी. बी.पी.एस इंटरनेट लिंक के साथ इंटरनेट की सुविधा है। यह छात्रों के लिए अवसर, संकायों, शोधकर्त्ताओं और सभी विभागों को विभिन्न स्रोतों से सभी प्रकार की जानकारी और डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध कराता है।
- संस्कृत, हिन्दी और अग्रेंजी त्रिभाषी वेबसाइट की व्यवस्था की गई है।
- 300 विस्तर लाइनों के साथ EPABX की सुविधा है।
- इस वर्ष विद्यापीठ के संगणक केन्द्र ने सर्वर, साफ्टवेयर तथा नेटवर्किंग उपकरणों जैसे विभिन्न पहलुओं में उन्नति की है ।

संगणक केन्द्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ :-

संगणक केन्द्र विद्यापीठ में कम्प्यूटिंग सुविधा, ई-मेल, वेबसाइट होस्टिंग, विकास एवं प्रबंधन की सुविधा प्रदान करता है । यह अपने मूल्यवान डेटा का विश्लेषण पाने के लिए शोधकर्ताओं की मदद करता है । इंटरनेट की सुविधा प्रदान करता है । वर्ल्ड वाइड वेब का उपयोग करने के लिए सक्षम बनाता है तथा विद्यापीठ के छात्रों के लिए लैब की सुविधा प्रदान करता है । संगणक केन्द्र विद्यापीठ की निम्न आवश्यकताओं को पूर्ण करता है ।

- विद्यापीठ के में प्रिंटर तथा सर्वर कम्प्यूटर, लैपटाप, डेस्कटाप की खरीद, स्थापना और रखरखाव ।
- विद्यापीठ के सभी विभिन्न सर्वर (सर्वर प्रबंधन) के रखरखाव ।

- विद्यापीठ के सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक वर्ग के कर्मचारियों के लिए, आवासीय कर्मचारियों, छात्रावास, गेस्टहाउस में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराना ।
- संगणक केन्द्र में फायरवाल प्रणाली की व्यवस्था की गई है ताकि बाहरी हैकर्स से नेटवर्क की रक्षा की जा सके तथा नेटवर्क के भार को संतुलित किया जा सके ।
- विद्यापीठ में कर्मचारियों की हार्डवेयर में संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए दूरसंचार निवारण नेटवर्क की व्यवस्था की गई है ।
- विद्यापीठ की कम्प्यूटर लैब में नेटवर्क से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी सुविधाओं का प्रबंध किया गया है ।
- विद्यापीठ में कार्य कर रहे इंजीनियर्स द्वारा सिस्टम और हार्डवेयर की मरम्मत का कार्य किया जाता है ।
- मेल साफ्टवेयर की मदद से प्रशासन मेल सर्वर द्वारा विद्यापीठ के कर्मचारियों तथा छात्रों को कहीं से भी अपने ई-मेल खाते का उपयोग करने की सुविधा प्रदान की गई है ।
- समय-समय पर विद्यापीठ के छात्रों एवं कर्मचारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ।
- साप्ताहिक आधार पर भंडारण/फाईल सर्वर के बैकअप/रिकवरी आदि की भी व्यवस्था की जाती है ।
- कम्प्यूटर केन्द्र विभागों और छात्रों को संगणक केन्द्र हार्डवेयर खरीदने की भी सलाह देता है ।

विद्यापीठ की अधिकारिक वेबसाइट का प्रबन्धन-सामान्य जानकारी के अलावा संगणक केन्द्र उपयोगकर्त्ताओं को निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान करता है:-

- विद्यापीठ में संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी त्रिभाषी वेबसाइट ।
- निविदाएँ और कैरियर, कोटेशन/निविदाओं और नौकरी पोस्टिंग प्रकाशन ।
- विभिन्न प्रकार के परिपत्रों एवं सूचनाओं का प्रकाशन ।
- ई-संसाधन-संकायों एवं छात्रों के शोधकार्य के लिए ई-संसाधन उपयोगी है ।
- पूर्व छात्र पंजीकरण- विद्यापीठ के पूर्व छात्र वेबसाइट के माध्यम से खुद को पंजीकृत कर सकते हैं ।
- प्रवेश जानकारी-विद्यापीठ की वेबसाइट पर दाखिले की प्रक्रिया पर पूरी जानकारी, प्रवेश परीक्षा, प्राम्पेक्टस जानकारी, आवेदन-पत्र एवं परीक्षा परिणाम आदि की जानकारी की सुविधा उपलब्ध कराता है ।

संगणक प्रयोगशाला में उपस्थित छात्र/छात्राएँ।

२४. जन-सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी

भारत सरकार के जन-सूचना अधिकार नियम को पूर्ण रूप से लागू करने हेतु विद्यापीठ में निम्नलिखित अधिकारियों को केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी/केन्द्रीय सहायक सूचना अधिकारी के रूप नियुक्त किया गया है।

क्र. सं.	नाम, पद एवं दूरभाष सं०	केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी/केन्द्रीय सहायक सूचना अधिकारी	सूचना क्षेत्र
1.	श्रीमती कल्पना सिंह 011-46060567	अपीली अधिकारी पारदर्शिता अधिकारी	जनसूचना अधिकार के अन्तर्गत समस्त सूचनाओं पर सर्वोच्च जनसूचना अधिकारी
2	डॉ. एस.डी. त्रिपाठी, उप-कुलसचिव / विशेषकार्याधिकारी (प्रशासन) 011-46060501	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	प्रशासन से सम्बन्धित सूचना
3.	श्री प्रमोद चतुर्वेदी निजी सचिव (कुलपति) 011-46060603, 604	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	कुलपति कार्यालय से सम्बन्धित सूचना
4.	श्री पी. मरियप्पन सहायक कुलसचिव (SC/ST/OBC) 011-46060603, 604	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	विद्यापीठ में अनुसूचित जाति / जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित समस्त सूचना
5.	प्रो. रमेश प्रसाद पाठक संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय 011-46060635	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय, एन.सी.टी.ई. एवं नैक से सम्बन्धित सूचना
6.	प्रो. भागीरथि नन्द संकाय प्रमुख-साहित्य एवं संस्कृति संकाय 011-46060624	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	साहित्य एवं संस्कृति संकाय एवं पुराणेतिहास विभाग से सम्बन्धित सूचना
7.	प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी संकाय प्रमुख-दर्शन संकाय 011-46060623	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	दर्शन संकाय, सांख्यायोग, योग डिप्लोमा तथा मीमांसा विभाग से सम्बन्धित सूचना
8.	प्रो. कमला भारद्वाज छात्र कल्याण संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष व्याकरण विभाग 011-46060530	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	छात्र कल्याण संकाय तथा व्याकरण विभाग से सम्बन्धित सूचना

9.	प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित विभागाध्यक्ष न्यायवैशेशिक विभाग 011-46060608	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	एन.सी.सी., आन्तरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ/ नैक तथा न्याय वैशेषिक विभाग से सम्बन्धित सूचना
10.	प्रो. हरिहर त्रिवेदी संकाय प्रमुख-वेद-वेदांग संकाय एवं सी.वी.ओ 011-46060319	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	वेद-वेदांग विभाग तथा सतर्कता संबंधी मामलों से सम्बन्धित सूचना
11	प्रो. बिहारी लाल शर्मा विभागाध्यक्ष ज्योतिष विभाग 011-46060613	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	ज्योतिष विभाग से सम्बन्धित सूचना
12.	प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी विभागाध्यक्ष वास्तुशास्त्र विभाग एवं निदेशक आई.क्सू.ए.सी. 011-46060615	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	वास्तुशास्त्र विभाग तथा आई.क्यू.ए.सी से सम्बन्धित सूचना
13	प्रो. जयकुमार उपाध्ये विभागाध्यक्ष प्राकृत विभाग	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	प्राकृत विभाग से सम्बन्धित सूचना
14.	प्रो. शुकदेव भोई विभागाध्यक्ष साहित्य विभाग	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	साहित्य विभाग से सम्बन्धित सूचना
15	प्रो. इच्छाराम द्विवेदी विभागाध्यक्ष पुराणेतिहास विभाग	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	पुराणेतिहास विभाग से सम्बन्धित सूचना
16	प्रो. केदार प्रसाद परोहा विभागाध्यक्ष विशिष्टाद्वैत वेदांत	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	विशिष्ट अद्वैत वेदांत विभाग से सम्बन्धित सूचना
17	प्रो. हरेराम त्रिपाठी विभागाध्यक्ष सर्वदर्शन विभाग	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	सर्वदर्शन विभाग से सम्बन्धित सूचना
18	डॉ. यशवीर सिंह विभागाध्यक्ष धर्मशास्त्र विभाग	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	धर्मशास्त्र विभाग से सम्बन्धित सूचना
19	डॉ. रजनी जोशी चौधरी निदेशक (महिला अध्ययन केन्द) 011-46060618	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	महिला अध्ययन केन्द, कैरियर काउंसिलिंग सैल तथा प्लेसमेंट सैल से सम्बन्धित सूचना
20	डॉ. (श्रीमती) मीनू कश्यप 011-46060540	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	एन.सी.सी. (छात्रावर्ग) से सम्बन्धित सूचना
21	श्री मनोज कुमार मीणा 011-46060528	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	क्रीडा/ शारीरिक शिक्षा से सम्बन्धित सूचना
22	श्रीमती कान्ता, सहायक कुलसचिव (परीक्षा) 011-46060520	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	परीक्षा विभाग से सम्बन्धित सूचना

23	श्री सुच्चा सिंह सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	विद्यापीठ की शैक्षणिक गतिविधियों, पाठ्यक्रमों, में प्रवेश, कार्यक्रमों, एकेडमिक कैलेण्डर से सम्बन्धित सूचना
24.	श्री अजय कुमार टण्डन, उप-कुलसचिव (लेखा) 011-46060521	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	लेखा विभाग तथा वित्त समिति से सम्बन्धित सूचना
25.	श्री रमाकान्त उपाध्याय, कार्यपालक अभियन्ता 011-46060323	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	विद्यापीठ अभियन्ता कार्यालय, भवन समिति, कार्य समिति, रख-रखाव तथा बुनियादी सुविधाओं की सुरक्षा से सम्बन्धित सूचना
26	श्रीमती सुषमा डेमला, विशेष कार्याधिकारी (कुलसचिव कार्यालाय) एवं सहायक कुलसचिव (प्रशासन) 011-46060556	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	कुलसचिव कार्यालय, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट एवं विकास विभाग से सम्बन्धित सूचना
27.	श्री बनवारी लाल वर्मा, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर 011-46060616, 617	केन्द्रीय सहायक जनसूचना अधिकारी	कम्प्यूटर सेन्टर एवं सूचना अधिकार, 2005 से सम्बन्धित सूचना
28.	डॉ. ज्ञानधर पाठक 011-46060609	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	शोध एवं प्रकाशन विभाग से सम्बन्धित सभी सूचना
29.	श्री मंजीत सिंह, अनुभाग अधिकारी (विकास एवं कुलसचिव कार्यालय) 011-46060558	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	1. कोर्ट केस से सम्बन्धित सूचना 2. कार्यपालक परिषद्, शैक्षणिक परिषद्, प्लानिंग तथा मॉनिट्रिग बोर्ड तथा स.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. एवं विकलांग के आरक्षण से सम्बन्धित सूचना
30.	डॉ. (श्रीमती) विजयलक्ष्मी, अनुभाग अधिकारी (प्रशासन) 011-46060505, 506	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	प्रशासन विभाग, गैर-शैक्षणिक वर्ग, शैक्षणिक वर्ग, सर्विस मामलों, स्टोर, मेडिकल बिलों के भुगतान, सुरक्षा मामलों, पार्लियामेंट प्रश्नों के उत्तर आदि से सम्बन्धित सभी सूचना
31	श्री राजेश कुमार पाण्डेय, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष 011-46060532	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	पुस्तकालय सम्बन्धित सभी सूचना
32.	श्री अंजनी कुमार, सहायक अभियंता 011-46060610	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	बुनियादी सुविधाओं से सम्बन्धित सूचना
33.	श्री नरेन्द्र पाल कनिष्ठ अभियंता	केन्द्रीय सूचना अधिकारी	विद्युत कार्यों से सम्बन्धित सूचना

सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत आयोजित कार्यशाला।

२५. आधार, संरचना एवं भवन

(क) भूमि एवं भवन

विद्यापीठ परिसर राष्ट्रीय राजधाानी क्षेत्र दिल्ली के दक्षिण दिल्ली जिला में कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र के प्लाट स. बी-4 पर शहीद जीत सिंह मार्ग पर 10.65 एकड़ में स्थित है। इसके आस-पास विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध संस्थाएँ जैसे - भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान दिल्ली, एन.सी.ई.आर.टी., एन.यू.ई.पी.ए. जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, भारतीय सांख्यिकी संस्थान, आई.आई.एफ.टी. आदि हैं। इसके समाने उतर की ओर सड़क के उस पार विश्वकर्मा भवन, आई.एस.टी.ई. आदि पूर्व में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, केन्द्रीय जल आयोग आदि, दक्षिण में केन्द्रीय समाज कल्याण आई.एम.आई आदि तथा पश्चिम में संजय वन है। यह परिसर सुरम्य है सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक भवनों तक पहँचने तक के लिए उचित सड़क की व्यवस्था है। परिसर में कई वाटिकायें है जैसे सारस्वत उद्यानम्, विश्रान्ति वाटिका, स्वर्ण जयन्ती पार्क आदि है। परिसर में 24 घंटे बिजली, पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने हेतु विद्यापीठ में 11 किलो बोल्ट का अपना उच्च पारेषण विद्युत उपगृह, पर्याप्त जनरेटर सेट्स, ट्यूब वेलस, मल जल ज़ोधान संयंत्र आदि हैं। परिसर में पर्याप्त प्रकाज़ की व्यवस्था हेतु हाई मास्ट लाइटिंग सिस्टम लगे हुये हैं।

विद्यापीठ में कुल चार शैक्षणिक (गैर-आवासीय) भवन है। इनका विविरण निम्न प्रकार है :-

1. शैक्षणिक सदन :- यह सबसे पुराना दो मंजिला भवन है, जो कुल 2951 वर्गमीटर में बना हुआ है, जिसमें शैक्षणिक, शोध एवं पुस्तकालय आदि समाविष्ट हैं। इस भवन में दर्ज़न तथा साहित्य एवं संस्कृति संकाय के सभी विभाग हैं। इसी भवन में एक अत्याधुनिक ज़िम भी है।
2. सारस्वत साधना सदन :- यह पाँच मंजिला भवन (भूतल+3+तहखाना) है, जो 4000 वर्गमीटर में बना है। इस भवन में 1 लिफ्ट लगा है। इस भवन में कुलपति कार्यालय, परीक्षा विभाग, संगणक केन्द्र, महिला

अध्ययन केन्द्र, सम्मेलन कक्ष, समिति कक्ष, संकाय कार्यालय, मुख्य सर्तकता - अधिकारी आदि के कार्यालय हैं।

3. बृहस्पति भवन :- यह एक दो मंजिला भवन है, जो 410.40 वर्गमीटर में बना है। इसमें वेद और पौरोहित्य विभाग है। इसमें कर्मकाण्ड प्रयोगशाला भी है। इस वर्ष यज्ञशाला में कई यज्ञानुष्ठानों का आयोजन किया गया।
4. स्वर्ण जयन्ती सदन :- यह पाँच मंजिला भवन (भूतल+3+तहखाना) है, जो 6283 वर्गमीटर में बना है। इस भवन में 3 लिफ्ट एवं 4 सीढ़ियाँ हैं। यह भवन हरित भवन के मानकों के अनुसार बनाया गया है। इस भवन में प्राशासनिक कार्यालय, वित्त विभाग, शैक्षणिक विभाग, विकास विभाग, ज्योतिष विभाग, वास्तु विभाग, व्याकरण विभाग, धर्मशास्त्र विभाग, शिक्षाशास्त्र विभाग, सांख्यिकी केन्द्र, समिति कक्ष, संकाय कार्यालय, प्रॉक्टर कार्यालय, कुलसचिव, वित्त अधिकारी आदि के कार्यालय हैं।

बृहस्पति भवन को छोड़कर अन्य सभी शैक्षणिक भवन अन्दर ही अन्दर एक दूसरे से जुड़े हैं। इन सभी भवनों में रेन वाटर हारवेस्टिंग की व्यवस्था है।

(ख) आवासीय भवन

विद्यापीठ परिसर में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिये कुल 48 आवास हैं, जिनमें टाइप -V के 7 आवास, टाइप-IV के 8 आवास, टाइप -III के 8 आवास, टाइप -II के 8 आवास, टाइप-I के 16 आवास तथा एक कुलपति आवास हैं।

(ग) अतिथि निवास (विश्रान्ति निलय)

विद्यापीठ के अतिथि निवास में 8 डबल बेड वाले कक्ष, 2 वी.आई.पी. कक्ष, 1 कार्यालय कक्ष एवं एक भव्य डाइनिंग कक्ष है। यह अतिथि निवास शैक्षणिक और शोधकार्यों, शैक्षणिक प्रश्यसन में लगे हुये राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों एवं सस्दयों द्वारा उपयोग के लिए है।

(घ) छात्रवास

विद्यापीठ में 48 कक्षों का 99 विद्यार्थियों के निवास के लिये चार मंजिला छात्रवास भवन है, जो 2068.43 वर्गमीटर में बना हुआ है। इसमें 16 एक सदस्यीय कक्ष, 16 द्विसदस्यीय कक्ष और 16 त्रिसदस्यीय कक्ष हैं। छात्रवास में आधुनिक सुविधाएं जैसे - स्थानीय दूरभाष, मनोरंजन कक्ष, भोजन कक्ष, जलपान कक्ष एवं पाकशाला भी हैं।

वर्ष 2015-2016 में विद्यापीठीय छात्रवास अधिष्ठाता के रुप में प्रो. शुद्धानन्द पाठक कार्यरत हैं। छात्रवास अधिष्ठाता एवं छात्रवास समिति के सहयोग से छात्रवास संच्चालन, प्रबन्ध एवं रख-रखाव के कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न किये जाते हैं।

(ङ) पुस्तकालय

महामहोपाध्याय पद्मश्री डॉ. मंडन मिश्र ग्रंथालय विद्यापीठीय शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है, इस पुस्तकालय में पारंपरिक एवं आधुनिक विषयों का एक वृहद संग्रह उपलब्ध है। पुस्तकालय में लगभग 88,000 ज्ञानवर्धाक पुस्तकें है । यह पुस्तकालय वेद, पुराण, उपनिषद्, धर्मशास्त्र, योग, ज्योतिष, व्याकरण, साहित्य, दर्शन, मीमांसा, पौरोहित्य, आयुर्वेद आदि विषयों के संग्रह के लिए विख्यात है। इसके अतिरिक्त शिक्षा, हिन्दी, अंग्रेजी तथा अन्य समसामयिक विषयों का संग्रह इस पुस्तकालय को वास्तव मे ज्ञान भंडार की श्रेणी में ला खड़ा करता है।

पुस्तकों के अतिरिक्त बहुत बड़ी संख्या में शोध पत्रिका, समाचार पत्र एवं समसामयिक पत्रिकाएँ इत्यादि की संख्या को बढ़ाया गया है। छात्रों के लिए पुस्तकालय में बुक बैंक की सुविधा भी उपलब्ध है।

विद्यापीठ पुस्तकालय में उपलब्ध शोध प्रबन्धों को 'शोधगंगा प्रोजेक्ट' के अंतर्गत लाने हेतु प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है, इससे छात्रों को शोध-प्रबन्धों का अध्ययन करने में सरलता होगी।

पुस्तकालय भवन के विस्तार के उपरान्त पुस्तकालय का क्षेत्रफल 586 वर्गमीटर से बढ़कर 1192.32 वर्गमीटर हो गया है। पाठकों की सुविधा के लिए एक सुसज्जित पठन सह संदर्भ कक्ष को द्वितीय तल पर निर्मित किया गया है। इस कक्ष को शीघ्र ही पाठकों के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त भूतल पर भी विस्तार की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है।

पुस्तकालय में गतिविधियों की वेहतर व्यवस्था एवं नियंत्रण हेतु सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है। पुस्तकालय में व्यवस्था, नीतिनिर्माण व निर्धारण हेतु एक पुस्तकालय समिति भी है।

पुस्तकालय के प्रबन्धन एवं रख-रखाव के लिये एक सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, दो प्रोफेशनल सहायक, तीन सेमी प्रोफेशनल सहायक तथा चार पुस्तकालय परिचर है।

विद्यापीठ पुस्तकालय न केवल विद्यापीठ के छात्रों, अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों की सैक्षणिक शोध आवश्यकताओं की पूर्ती में अपना योगदान देता है अपितु यह पुस्तकालय उन सभी लोगों को जो संस्कृत अध्ययन अथवा शोध में अभिरुचि रखतें है उनको विशिष्ट सदस्यता भी प्रदान करता है। इस प्रकार यह विद्यापीठ के उद्देश्यों के परिपालन में सतत प्रयत्नशील है।

(च) पाण्डुलिपि संग्रहालय

विद्यापीठ में पाण्डुलिपि संग्रहालय है, जिसमें विभिन्न विषयों से सम्बन्धित 1697 पाण्डुलिपियाँ हैं । ये पाण्डुलिपियाँ संस्कृत साहित्य के विभिन्न शाखाओं- वेद, उपनिषद्, पुराण, ज्योतिष, व्याकरण, वेदान्त,

सांख्ययोग, न्याय, कर्मकाण्ड, धर्मशास्त्र, साहित्य, संगीत, एवं आयुर्वेद आदि से सम्बन्धित हैं। देवनागरी लिपि की पाण्डुलिपियों का सूचीसंग्रह 'विशदपाण्डुग्रन्थसूची भाग-1' प्रकाशित किया गया है ।

(छ) वराह मिहिर वेधशाला

विद्यापीठ के ज्योतिष विभाग के छात्रों को ज्योतिष के प्रायोगिक ज्ञान के लिए विद्यापीठ परिसर में ज्योतिष वेधशाला का निर्माण किया गया है। इसका निर्माण जन्तर-मन्तर जयपुर की वेधशाला के पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रपति सम्मानित म.म. स्वर्गीय पं. कल्याणदत्त शर्मा ने किया है। इस वेधशाला में निर्मित कर्कवलय, तुलावलय एवं मकरवलय से ग्रहों के भोगांशों का ज्ञान, भित्तियन्त्र तथा चक्रयन्त्र से क्रान्ति का ज्ञान, नाडीवलय यन्त्र से स्थानीय काल का ज्ञान, सम्राट यन्त्र से ग्रहों के याम्योत्तरलंघनकाल एवं स्थानीय काल व मानककाल का ज्ञान तथा भारतीय तारामण्डल से नतांश, अक्षांश क्रान्त्यंश आदि विभिन्न मानकों का ज्ञान दिया जाता है।

(ज) यज्ञशाला

विद्यापीठ में एक यज्ञशाला है, जिसमें राजधानी के योजकों के लिये डिप्लोमा एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यज्ञशाला में कई यज्ञानुष्ठानों का आयोजन किया गया। यह बृहस्पति भवन में है।

(झ) सीवेज ट्रीटमेंट प्लाण्ट (मलशोधन संयंत्र)

विद्यापीठ में एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लाण्ट (120 कि.ली. प्रतिदिन की क्षमता का) को 2006-07 में लगवाया गया। यह प्लाण्ट थर्मेक्स के चैनल पार्टनर मेसर्स इकोथर्म इन्जीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगवाया गया ताकि रसोईघर, स्नानगृह आदि के अपशिष्ट जल को पुनः प्रयोग में लाया जा सके और बागवानी में प्रयोग किया जा सके। विद्यापीठ शत-प्रतिशत शुद्ध किए गए अपशिष्ट जल का प्रयोग पार्क, वृक्ष आदि के विकास के लिए एवं बागवानी के लिए (वर्षाऋतु के कुछ दिनों को छोड़कर) तथा गैर-आवासीय भवनों के शौचालयों में फ्लश के लिए उपयोग करता है। वर्षा के दिनों में शुद्ध किया गया जल नजदीकी वर्षा जल संचयन गड्ढों में बोर्स के द्वारा भूमि के अन्दर भेज दिया जाता है। इस मलशोधन संयंत्र से निकले हुये ठोस अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग बगवानी में खाद के रुप में किया जाता है। इस प्रकार विद्यापीठ वर्ष भर शुद्ध किए गये जल का प्रयोग बागवानी आदि के लिए करता है। इस प्लाण्ट का रख-रखाव वर्ष भर उसी एजेंसी के द्वारा किया जाता है जिसके द्वारा यह लगवाया गया है।

(ण) विद्यापीठ में वर्षा जल का संचयन

विद्यापीठ ने वर्ष 2004-2005 में केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार के वरिष्ठ वैज्ञानिक के मार्गदर्शन में विद्यापीठ परिसर के वर्षा जल संचयन की समुचित व्यवस्था हेतु कुल पाँच स्थानों पर 13 गडढें (बोर्स) कराया। विद्यापीठ के सभी आवासीय एवं गैर -आवासीय भवनों के छतों पर हुयी बरसात के जल को पाइपों के माधयम से ज़मीन पर लाते है तत्पश्चात इसे नजदीकी जल संचयन गड्ढों में पहुँचाने का व्यवस्था की गयी है। इस प्रकार 100% जल भूमि के नीचे चला जाता है, जो भूमिगत जलस्तर को ऊपर उठाने में मदद करता है।

विद्यापीठ में कुल 2951 वर्गमीटर में बना हुआ है, जिसमें शैक्षणिक, शोध, पुस्तकालय एवं प्राशासनिक भवन आदि समाविष्ट हैं। आवासीय भवन कुल 6036.55 वर्गमीटर में अवस्थित है, जिसमें चार मंजिला छात्रावास भवन 2068.43 वर्गमीटर में टाइप V के आवास 1167 वर्गमीटर में टाइप IV के आवास 996. 28 वर्गमीटर में, टाइप III के आवास 541.28 वर्गमीटर में तथा टाइप II एवं टाइप I के आवास क्रमशः 452 तथा 811.56 वर्गमीटर में बने हुये हैं। शैक्षणिक खण्ड (सारस्वतसाधनासदनम्) में कुलपति कार्यालय, शिक्षाशास्त्र विभाग, संगणक केन्द्र, महिला अध्ययन केन्द्र, सम्मेलन कक्ष, समिति कक्ष, संकाय कार्यालय, मुख्य सर्तकता - अधिकारी आदि कार्यालय हैं। इसके अतिरिक्त स्वर्ण जयन्ती सदन 6283 वर्गमीटर में बनकर तैयार है, जिसका उद्घाटन केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री श्री पल्लम राजू जी के कर कमलों द्वारा दिनांक 22.02.2013 को किया गया। दो मंजिला बृहस्पति भवन भी 410.40 वर्गमीटर में है, जिसमें कुल 09 कक्ष हैं। इसमें पौरोहित्य एवं वेद विभाग अवस्थित हैं।

(ट) परिसर की सुरक्षा

कुलानुशासक प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी के निर्देशन में विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा-व्यवस्था का सञ्चालन किया जाता है। इस व्यवस्था को सुचारु रूप से क्रियान्वित करने के लिये दिल्ली स्थित पंजीकृत सुरक्षा-संस्थानों के सुरक्षा गार्डों का उपयोग किया जाता है । सुरक्षा कर्मियों की कार्य-शैली का आकस्मिक निरीक्षण एवं सन्तोषजनक कार्य का निर्धारण कुलानुशासक द्वारा किया जाता है ।

२६. ई-पीजी पाठशाला

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्नातकोत्तर छात्रों के लिए संस्कृत पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम की तैयारी के लिए ईपीजी पाठशाला के तहत एक परियोजना स्वीकृत की गयी है। 17 जून 2015 को परियोजना के प्रधान अन्वेषक के रूप में प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, कुलपति, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली को अधिकृत किया गया है। इस परियोजना के अन्तर्गत संस्कृत स्नातकोत्तर कार्यक्रम के 640 मॉड्यूल तैयार करने के लिए 112 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। विद्यापीठ ने आवश्यक सभी सुविधाओं और ई-सामग्री के संपादन के साथ रिकॉर्डिंग के लिए एक स्टूडियो विकसित किया है। केन्द्रीय और राज्य विश्वविद्यालय से विभिन्न संस्कृतनिष्ठ शास्त्रों के विद्वानों को संस्कृत स्नातकोत्तर छात्रों के लिए पांडुलिपि तैयार करने के लिए चयनित किया है तथा विषय की गुणवत्ता, उसके मानक और सामग्री सुनिश्चित किया है। इस प्रयास में एक दो-दिवसीय कार्यशाला दिनांक 8-9 अगस्त, 2015 को आयोजित किया गया। कुलपति जी, जो इस परियोजना के प्रमुख अन्वेषक भी है, ने विद्यापीठ के समर्पित संकाय सदस्यों की एक टीम का गठन किया है। प्रो. हरेराम त्रिपाठी को समन्वयक और डॉ. सतीशा और डॉ. एस. सुदर्शनन को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया है। डॉ जवाहर लाल और डॉ. सुंदर नारायण झा को भाषा और स्व-सीख वीडियो के विषय संपादक के रूप में इस परियोजना से सम्बद्ध किया गया है।

परियोजना को यथाशीघ्र पूरा करने के लिये सतत कार्य किया जा रहा है, सामग्री लेखकों, संपादकों और समन्वयकों के अथक प्रयासों से अधिकांश कार्य किया गया है। 31/3/2016 तक 601 मॉड्यूल तैयार किया गया था। उचित संपादन और ई-सामग्री की समीक्षा के बाद 260 मॉड्यूल हितधारकों के लिए वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए इनफ्लिबनेट को भेजा गया है। दिसंबर 2016 तक परियोजना को पूरा करने के लिए रणनीति बनाई गई हैं।

२७. सेवानिवृत्तियाँ

वर्ष 2015-16 में गैर-शैक्षणिक वर्ग में निम्नलिखित अधिकारी गण सेवानिवृति हुए:

1. श्री विनोद कुमार मिश्रा, सहायक कुलसचिव दिनांक 30/4/2015 को सेवानिवृत्त हुए।
2. डॉ. एस.डी. त्रिपाठी, उप-कुलसचिव(प्रशासन) दिनांक 29/2/2016 को सेवानिवृत्त हुए।

सरदार बल्लभ भाई पटेल समारोह के अवसर पर मंच पर विराजमान अधिकारीगण।

सद्भावना दिवस के अवसर पर कुलपति महोदय के साथ विराजमान अन्य अधिकारी गण।

कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित प्रो. रसिक विहारी जोशी अभिनन्दन समारोह।

भूतपूर्व छात्र संघ समारोह के अवसर पर कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, अधिकारीगण एवं भूतपूर्व छात्र।

शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय का सभी अध्यापकों / अधिकारियों द्वारा अभिनन्दन।

२८. परिषदें एवं समितियाँ एवं विद्यापीठीय कर्मचारी

१.शैक्षणिक परिषद के सदस्यों की सूची

क्रम संख्या	नाम एवं पता	पदनाम
1	डॉ. सुखबीर सिंह संधु संयुक्त सचिव मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	अध्यक्ष (18/11/2014 से 8/4/15)
2	प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय कुलपति, श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	अध्यक्ष (9/4/15 से आज तक)
3	**सभी संकाय प्रमुख** प्रो. रमेश प्रसाद पाठक संकाय प्रमुख, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय प्रो. हरिहर त्रिवेदी संकाय प्रमुख, वेद-वेदांग संकाय प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी संकाय प्रमुख, दर्शन संकाय प्रो. भागीरथि नन्द संकाय प्रमुख, सहित्य एवं संस्कृति संकाय	
4	**सभी विभागाध्यक्ष** प्रो. रमेश प्रसाद पाठक आधुनिक ज्ञान-विज्ञान विभाग प्रो. कमला भारद्वाज व्याकरण विभाग डॉ. विष्णुपद महापात्रा न्याय वैशैषिक विभाग प्रो. सुखदेव भोइ साहित्य विभाग डॉ. गोपाल प्रसाद शर्मा वेद विभाग प्रो. बिहारी लाल शर्मा ज्योतिष विभाग प्रो. हरिहर त्रिवेदी पौरोहित्य विभाग	सदस्य

	प्रो. शुद्धानन्द पाठक अद्वैत वेदान्त विभाग प्रो. जयकुमार एन. उपाध्ये प्राकृत विभाग प्रो. इच्छाराम द्विवेदी पुराणेतिहास विभाग प्रो. केदार प्रसाद पराहा विशष्टा अद्वैत वेदान्त प्रो. वीर सागर जैन जैन दर्शन विभाग प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी मीमांसा एवं साख्ययोग विभाग प्रो. हरेराम त्रिपाठी सर्वदर्शन विभाग डॉ. यशवीर सिंह धर्मशास्त्र विभाग प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी वास्तुशास्त्र विभाग प्रो. हरेराम त्रिपाठी शोध एवं प्रकाशन विभाग	
5	सभी प्रोफेसर प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय प्रो. नागेन्द्र झा प्रो. भास्कर मिश्र प्रो. पीयूष कान्त दीक्षित प्रो. प्रेम कुमार शर्मा प्रो. हरिहर त्रिवेदी प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी प्रो. कमला भारद्वाज प्रो. एस.एन. रमामणि प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा प्रो. शुकदेव भोइ प्रो. सुदीप कुमार जैन प्रो. शुद्धानन्द पाठक प्रो. इच्छाराम द्विवेदी प्रो. वीर सागर जैन	सदस्य

	प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी प्रो. हरेराम त्रिपाठी प्रो. केदार प्रसाद परोहा प्रो. रमेश प्रसाद पाठक प्रो. रश्मि मिश्र प्रो. देवदत्त चतुर्वेदी प्रो. भागीरथि नन्द	
6	विभागाध्यक्षों के अतिरिक्त वरिष्ठता के आधार पर रोटेशन के द्वारा विभागों से लिए गए दो एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मीनू कश्यप एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रगति गिहार एसोसिएट प्रोफेसर	सदस्य (22/4/14 से 21/4/16) (22/4/14 से 21/4/16)
7	वरिष्ठता के आधार पर रोटेशन के द्वारा विभागों से लिए गए दो असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शीतला प्रसाद शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी मिश्रा असिस्टेंट प्रोफेसर	सदस्य
8	कुलपति द्वारा मनोनित ऐसे तीन शिक्षाविद जो विद्यापीठ की सेवाओं के अतिरिक्त किसी अन्य क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त हों प्रो. एच. के. सतपथी कुलपति, राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति आन्ध्र प्रदेश प्रो. युगलकिशोर मिश्र आचार्य, वेद विभाग, संम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी प्रो. रामानुज देवनाथन प्राचार्य, श्री रणवीर परिसर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, कोट भटमल, जम्मू (जे एण्ड के)	सदस्य (22/4/14 से आज तक) (24/9/14 से आज तक) (24/9/14 से आज तक)
9	तीन अन्य व्यक्ति जो कि शैक्षणिक कर्मचारी नहीं हैं एवं शैक्षणिक परिषद् द्वारा अपने ज्ञान के लिए विशेषज्ञ हैं 1. डॉ. विठ्ठल दास मुन्धरा 2. श्री गिरीश सहानी 3. डॉ. अंजली जयपुरीया	सदस्य
10	डॉ. बीके महापात्र वित्ताधिकारी (प्रभारी)	सचिव

२.योजना एवं मॉनिटरिंग बोर्ड के सदस्यों की सूची

क्रम संख्या	नाम एवं पता	पदनाम
1	डॉ. सुखबीर सिंह संधु संयुक्त सचिव मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	अध्यक्ष (18/11/2014 से 8/4/15)
2	प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय कुलपति श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ	अध्यक्ष (9/4/15 से आज तक)
3	सभी संकाय प्रमुख / निदेशक	सदस्य
4	संकाय प्रमुख (छात्रकल्याण)	सदस्य
5	वित्ताधिकारी	सदस्य
6. 7.	कुलपति द्वारा स्वीकृत प्रबन्धन बोर्ड द्वारा नामांकित दो बाहरी विशेषज्ञ डॉ. एस. एन. सिंह, पूर्व प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी-221005 डॉ. बी.के. सिंह कुलसचिव राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), नई दिल्ली-57	सदस्य
8. 9.	श्री रामाकान्त उपाध्याय अधिशासी अभियंता श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016 श्री अजय कुमार टंडन उप-कुलसचिव श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016	विशेष आमंत्रित विशेष आमंत्रित
10.	डॉ. बीके महापात्र कुलसचिव श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016	सचिव

३. समितियाँ

(क) वित्त समिति

क्रम संख्या	नाम एवं पता	पदनाम
1.	डॉ. सुखबीर सिंह संधु संयुक्त सचिव मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001	अध्यक्ष (18/11/14 से 8/4/15)
